


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-313 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 29 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मध्यप्रदेश-जापान की मित्रता का नया अध्याय शुरु करेगी यह यात्रा








भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व बन्धुत्व की भावना के साथ नई वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। जापान ऐतिहासिक रूप में गौतम बुद्ध की परंपरा से जुड़ा है और भारत गौतम बुद्ध की धरती है।

भारत और जापान का सदियों से परस्पर संबंध रहा है। प्राचीनकाल से आधुनिक युग तक जापान का समृद्ध इतिहास रहा है। विनाशकारी भूकंपों और प्राकृतिक आपदाओं से उबरने में जापान द्वारा दिखाई गई उद्यमशीलता को नमन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस जीवटता से जापान ने विश्व में विशेष पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जापान स्थित भारतीय दूतावास में आयोजित शो इंटरैक्टिव सेशन ऑन इनवेस्टमेंट अर्पोचुनिटीज इन मध्यप्रदेश के अवसर पर उद्योगपतियों से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि इस यात्रा से मध्यप्रदेश-जापान की मित्रता में एक नये अध्याय की शुरुआत होगी।

### मुख्यमंत्री ने जापान में इंटरैक्टिव सेशन में उद्योगपतियों से किया संवाद

### जापान से जुड़े हैं मध्यप्रदेश के व्यावसायिक संबंध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापान अपनी विशिष्ट जीवन शैली और औद्योगिक शैली के आधार पर आर्थिक संपन्नता में महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करने वाला देश है। प्रसन्नता और गर्व का विषय है कि जापान से मध्यप्रदेश के व्यावसायिक संबंध भी जुड़े हैं। वर्ष 2023-24 में मध्यप्रदेश से जापान को 92.8 मिलियन डॉलर का निर्यात किया गया, इनमें एल्युमिनियम से बनी वस्तुएं, कार्बनिक रसायन, परमाणु रिएक्टर्स, बॉयलर्स, यांत्रिक उपकरण, फार्मास्युटिकल उत्पाद सहित अन्य मशीनरी शामिल हैं। जापान में मैन्युफैक्चरिंग और अन्य क्षेत्रों से जुड़े उद्योग भी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान के उद्योग समूहों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान में भारत के राजदूत श्री सिबी जॉर्ज का व्यवसायिक घरानों से जोड़ने के लिये निभाई गई महती भूमिका के लिये आभार माना।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार नीरज बसोया के समर्थन में रोड शो में भाग लिया।

## फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, चीन के साथ बातचीत में लगी मुहर, ले सकेंगे डायरेक्ट फ्लाइट

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और चीन कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने पर राजी हो गए हैं। भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से यह जानकारी साझा की गई है। भारत और चीन में बढ़ते तनाव को देखते हुए कैलाश मानसरोवर यात्रा रोक दी गई थी।



साल 2020 के बाद से ही यात्रा के दोनों आधिकारिक रूट भारतीयों के लिए बंद हैं। हिंदुओं की मान्यता है कि कैलाश मानसरोवर भगवान शिव का निवास स्थान है। इसलिए हर बड़े संख्या में लोग कैलाश मानसरोवर की यात्रा करते हैं। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी बीजिंग दौरे पर हैं। जहां, उन्होंने विदेश सचिव और उप विदेश मंत्री की बैठक में शामिल हुए। दो दिनों तक चलने वाली इस बैठक में अक्टूबर में कज़ान में अपनी बैठक में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सहमति के अनुसार, दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति की व्यापक समीक्षा की और संबंधों को स्थिर करने और पुनर्निर्माण के लिए कुछ जन-केंद्रित कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की। इस बैठक में ही दोनों पक्षों ने 2025 की गर्मियों में कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने का फैसला लिया। इसके अलावा दोनों देश सीमा पार नदियों से संबंधित हाइड्रोलॉजिकल डेटा और अन्य सहयोग के प्रावधान को फिर से शुरू करने पर चर्चा करने के लिए भारत-चीन विशेषज्ञ स्तर की बैठक करने पर भी सहमत हुए हैं। इस बैठक चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध के बारे में भारत की चिंताओं से अवगत कराया गया। मिसरी ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी समेत कई महत्वपूर्ण नेताओं से मुलाकात की भी। इस साल भारत-चीन राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के अवसर पर संबंधों को तेजी से मजबूत करने पर सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच इस अहम बैठक में बातचीत और आदान-प्रदान को और बढ़ावा देने और सुविधाजनक बनाने के लिए उचित उपाय करने पर सहमत हुए। इसके अलावा दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हुए।

### महाकुंभ जा रही ट्रेन में भारी भीड़, गुस्साए यात्रियों ने पत्थर मारकर तोड़े शीशे; स्टेशन पर गेट नहीं खुलने से थे नाराज

छतरपुर (आरएनएस)। प्रयागराज महाकुंभ के लिए जाने वाली ट्रेनों में इस समय काफी ज्यादा भीड़ देखी जा रही है। वहीं महाकुंभ जाने के लिए रेलवे स्टेशनों पर भी लोगों की भीड़ है। इस बीच छतरपुर रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले यात्रियों ने हंगामा किया है। महाकुंभ के लिए जाने वाले यात्रियों ने ट्रेन पर पथराव किया और ट्रेन के शीशे तोड़ने की कोशिश की है। अंबेडकर नगर से चलने वाली ट्रेन के सभी दरवाजे और खिड़कियां बंद होने से प्लेटफार्म पर खड़े यात्रियों में नाराजगी देखी गई, जिसके बाद उन्होंने पथराव किया। इस दौरान छतरपुर स्टेशन पर करीब एक घंटे तक ट्रेन खड़ी रही। इसके बाद GRP स्टाफ ने ट्रेन के गेट खुलवाए। बताया जा रहा है कि भारी भीड़ के कारण पहले से अंदर बैठे सवारियों ने ट्रेन के दरवाजे बंद कर दिए थे। पूरा मामला छतरपुर रेलवे स्टेशन पर देर रात करीब 2 बजे का है।

## सात दिन की रिमांड पर भेजा गया आरटीओ का पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा



भोपाल (आरएनएस)। आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन गौर को कोर्ट ने 4 फरवरी तक रिमांड पर सौंप दिया। लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को उन्हें गिरफ्तार किया था। उनसे पहले लोकायुक्त ऑफिस में करीब 5 घंटे तक पूछताछ की गई। इसके बाद कोर्ट में पेश किया गया। इधर, सौरभ के पार्टनर शरद जायसवाल भी मंगलवार दोपहर को अपने वकील के साथ लोकायुक्त ऑफिस में बयान दर्ज कराने पहुंचे। बयान दर्ज करने के बाद उन्हें भी हिरासत में ले लिया है। उनसे भी पूछताछ की गई। बता दें कि सौरभ 41 दिन से फरार था। लोकायुक्त, ईडी और आयकर की टीम उसकी तलाश में जुटी थी। तीनों एजेंसियों को चकमा देकर सौरभ सोमवार को अपने वकील के साथ भोपाल में लोकायुक्त की विशेष अदालत में सरेंडर करने पहुंचा था।

### क्रिकेट खेल रहे दो भाइयों की कुएं में डूबने से मौत

राजगढ़,(आरएनएस)। जिले के बोकड़ी गांव में क्रिकेट खेलने गए दो मासूम चचेरे भाईयों की कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना सोमवार शाम की है। दोनों को अचेत अवस्था में स्वजन पचोर अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को शवों का पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस के अनुसार सोमवार को पचोर थाने के गांव बोकड़ी में अंकित प्रजापति (15 वर्ष) व लोकेश प्रजापति (13 वर्ष) गांव में खुले मैदान में क्रिकेट खेलने पहुंचे थे। दोनों आपस में चचेरे भाई थे। जब यह काफी देर तक वापस घर नहीं पहुंचे तो उनकी खोजबीन शुरु की गई। इसके बाद क्रिकेट ग्राउंड के पास कुएं के जनदीक बल्ला और बच्चों की चप्पलें नजर आई।

### चार लोगों की हत्या के आरोपी पचमढ़ी से गिरफ्तार

जबलपुर (आरएनएस)। पाटन थाना के ग्राम टिमरी में सोमवार को चार लोगों की हत्या के मामले में जबलपुर पुलिस ने मंगलवार को पचमढ़ी से 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि चंदन पाठक एवं मनोज साहू के बीच कुछ दिनों पूर्व विवाद हुआ था। इसी विवाद ने बाद में रंजिश का रूप ले लिया।सोमवार को मनोज साहू ने अपने अन्य साथियों एवं रिश्तेदारों को घातक हथियारों से लैस होकर मौके पर बुलाया और फिर चंदन और गुंजन पाठक पर हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए अनिकेत दुबे एवं समीर दुबे की भी हत्या कर दी गई। इस घटना में मुकेश दुबे एवं विपिन दुबे गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी कार से फरार हो गए थे।

## शहाबुद्दीन ने छेड़ा तो छोड़ेंगे नहीं-धीरेंद्र शास्त्री

### दिक्कत है तो मेरा वीडियो मत देखो; हम टारगेट उनको करते हैं जो देशद्रोही



प्रयागराज(आरएनएस)। शहाबुद्दीन, मैं इतने कमजोर पर टारगेट नहीं करता। हम अपने पवित्र मुंह से नाम ले रहे हैं, बस ये कृपा समझो। हम टारगेट उनको करते हैं जो देशद्रोही हैं, जो रामद्रोही हैं और अकबर से मोहब्बत करते हैं। भूल कर भी आप हमको छेड़ना मत, हम छोड़ेंगे नहीं। शहाबुद्दीन साहब, दिक्कत होती है तो मेरा वीडियो न देखना। यह बात बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ऑल इंडिया जमात के राष्टीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन के बयानों पर पलटवार करते हुए कहीं। चिदानंद मुनि श्री के परमार्थ निकेतन में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा का आज दूसरा दिन है। पहले दिन सोमवार को धीरेंद्र शास्त्री शहाबुद्दीन पर जमकर बरसे। कहा कि तुम्हारे मजहब में आज तक स्त्रियों को मस्जिदों में तुम प्रवेश नहीं करवा पाए।

### मौनी अमावस्या स्नान के लिए अयोध्या में उमड़ा जनसैलाब

अयोध्या (आरएनएस)। रामनगरी अयोध्या में मंगलवार को भी श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा रहा। मंगलवार होने के चलते हनुमानगढ़ी में दो किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही कुछ इसी तरह का दृश्य राम जन्मभूमि में भी रहा, रामलला के दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार को रामलला के दरबार में 3.55 लाख भक्तों ने हाजिरी लगाई। दो दिनों के भीतर रामलला के दरबार में छह लाख से अधिक भक्त पहुंच चुके हैं। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का मुख्य महापर्व है। मंगलवार की देर शाम से ही लग रही है पर उदया तिथि में यह स्नान 29 को भोर से पूरे दिन चलेगा। इसके लिए भक्तों का रेला है। इस बीच आज भोर से ही 10 लाख से ज्यादा भक्त सरयू स्नान कर नागेश्वरनाथ महादेव का अभिषेक करने के बाद हनुमानगढ़ी दर्शन के लिए पहुंचे रहे हैं।

## कश्मीर में गैर स्थानीय लोगों की हत्या के मामले में एनआईए सख्त, घाटी में कई स्थानों पर की रेड




श्रीनगर ,(आरएनएस)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार सुबह आतंकवादियों द्वारा गैर-स्थानीय लोगों की हत्या के मामले में मंगलवार को कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए सूत्रों ने बताया कि ये छापे जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सहायता से मारे जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया,एनआईए के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संदीप चौधरी की निगरानी में श्रीनगर, बडगाम और सोपोर इलाकों में छह स्थानों पर छापेमारी हो रही है। एनआईए जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से संबंधित कई अपराधों की जांच कर रही है, जिसमें 9 जून 2024 को जम्मू संभाग के रियासी जिले में हिंदू तीर्थयात्रियों की हत्या और गांदरबल जिले के गगनगीर की हत्या शामिल है।आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों से भरी 53 सीटों वाली बस पर तब गोलीबारी की थी, जब बस शिवखोड़ी मंदिर से रियासी जिले के कटरा शहर जा रही थी। उस नृशंस हमले में नौ लोग मारे गए थे और 41 लोग घायल हो गए थे।

### पहले बनाई रील, फिर हुआ कुछ ऐसा कि चली गई 4 युवक की जान


नीमच (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के नीमच जिले के चार युवक कर्नाटक से कंबल बेचकर अपने गांव लौट रहे थे. इस दौरान वे हादसे का शिकार हो गए और उनकी मौत हो गई. सभी युवक मनासा थाना क्षेत्र के गांव खड़ावदा के रहने वाले थे. जो कि कर्नाटक में कंबल बेचने के बाद 13 महीने बाद अपने घर लौट रहे थे. दरअसल, युवकों ने रास्ते में लोहे से भरे ट्रेलर से लिफ्ट मांगी. ट्रेलर के अंदर लोहे का भारी सामान रखा हुआ था. औरंगाबाद के पास अचानक ट्राले में लगे बेल्ट टूट जाने से भारी भरकम सामान उनके ऊपर जा गिरा और चारों की मौके पर ही मौत हो गई।

### श्रृंगेरी शंकराचार्य की अध्यक्षता में 03 प्रस्ताव पारित

## चार धाम, चार पीठ और 21 राज्यों से 17 हजार किमी की निकलेगी एकात्म यात्रा

### महाकुंभ में हुए संत समागत में तीन प्रस्ताव पारितः अद्वैत के लोकव्यापीकरण हेतू केरल से केदारनाथ तक 17 हजार किमी की दिग्विजय एकात्म यात्रा निकलेगी

प्रयागराज (निप्र) । भारत की कालजयी मृत्युंजयी सनातन वैदिक हिन्दू संस्कृति एवं उसमें समाहित दिव्य जीवन मूल्यों की अप्रतिम अभिव्यक्ति महाकुम्भ 2025 प्रयागराज के अंतर्गत प्रभु प्रेमी संघ कुम्भ शिविर प्रयागराज में संत समागम का आयोजन जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री विधुशेखर भारती (दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी श्री शारदापीठम्) की अध्यक्षता में किया गया। समागम में जूनापीठाधीश्वर आचार्यमहामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज,आचार्य सभा के संयोजक स्वामी परमात्मानन्द सरस्वती, स्वामी मित्रानन्द सरस्वती चिन्मय मिशन, महामंडलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द, स्वामी हरब्रह्मेन्द्रानन्द तीर्थ , प्रो. रामनाथ झा सहित संतजन उपस्थित रहे।स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज ने आचार्य शंकर के अद्वैत विचार और सनातन वैदिक हिन्दू धर्म-संस्कृति की पुनर्स्थापना हेतु उनके द्वारा किए गए महनीय कार्यों का विवेचन किया। समागम की प्रस्तावना जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रामनाथ झा रखी ।इस समागम में आर्ष गुरूकुलम् राजकोट के स्वामी परमात्मानंद सरस्वती ने अपने संबोधन में संतों के बीच तीन प्रस्ताव रखे। वहां उपस्थित लोगों से कहा कि अगर आप इनसे सहमत हो जाएं तो ऊं का उच्चारण करें।



1. भारत में एकात्म बोध के जागरण हेतु नवंबर 2026 से अप्रेल 2027 तक शंकराचार्य के जन्म स्थान केरल के कालड़ी से शंकराचार्य के निर्वाण स्थान केदारनाथ तक 17000 किमी की शंकर दिग्विजय एकात्म यात्रा निकाली जाए।

2. आदि शंकराचार्य के जन्मोत्सव यानी वैशाख शुक्ल पंचमी के दिन को विश्व एकात्म दिवस के रूप में मनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव भेजा जाए।

3. 2025 से 2035 के दशक को एकात्म दशक के रूप में जाना जाए, इसके लिए भी संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव भेजा जाए। परमात्मानंद जी ने जैसे ही सभा के समक्ष ये प्रस्ताव रखे, पूरा सभागार ओंकार से गुंजायमान हो उठा।

श्रृंगेरी शंकराचार्य बोले- तीनों प्रस्तावों पर हमारी सहमति

इनके पक्ष में श्रृंगेरी शंकराचार्य ने कहा कि यह एकात्म यात्रा होकर रहेगी। देशभर के संत समुदायों का इसमें पूरा योगदान होगा। अद्वैत के प्रसार के लिए हमें शंकराचार्य की दिग्विजय यात्रा को आवश्य निकालना चाहिए। जब तब पूरी दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा दिखाई देता है। प्रस्ताव में दिग्विजय यात्रा की बात की गई है, यह यात्रा बिल्कुल निकलेगी और यह आदि गुरू शंकराचार्य की दिग्विजय यात्रा जैसे ही निकलेगी। स्वामी अवधेशानंद ने कहा कि,जूना अखाड़े के 15- 20 लाख साधू इस यात्रा में एकजुट होंगे और मैं दूसरे अखाड़ों को भी इसमें शामिल होने के लिए मनाऊंगा।

अद्वैत सिर्फ शंकराचार्य का मार्ग नहीं अपितु

आदिगुरू शंकराचार्य ने अद्वैत का जो मार्ग दिखाया वह सिर्फ उनका मार्ग नहीं है, वह संम्पूर्ण सनातन का मार्ग है। इसी मार्ग को प्रशस्त करने के लिए शंकराचार्य ने पूरे भारत की तीन बार पैदल दिग्विजय यात्रा की। भगवान के रूप में जन्म लेकर फिर से वैदिक परंपरा को पुनर्जीवित किया। भारत की दिग्विजय पैदल यात्रा में वैदिक परंपरा का प्रसार किया। देश को जाना इसका परिणाम पंचायतन पूजा पद्धति की शुरूआत की। 4 पीठों की स्थापना कर सारे समुदायों को एक धागे में पिरोने का काम किया।




## बाबा सिद्दीकी की हत्या की वजह आई सामने, शूटर ने किया सनसनीखेज खुलासा

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता रहे बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।



मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम ने पुलिस को दिए अपने इकबालिया बयान में बताया है कि कुख्यात गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई ने 'दाऊद इब्राहिम से संबंध और 1993 के मुंबई धमाकों में संलिप्तता' के चलते सिद्दीकी की हत्या का आदेश दिया था। मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम ने पुलिस को बताया कि उसे बाबा सिद्दीकी या उनके बेटे जीशान सिद्दीकी को मारने के लिए कहा गया था और इसके लिए उसे 15 लाख रुपये देने का वादा किया गया था।

गौतम ने बताया कि उसे बताया गया था कि सिद्दीकी के दाऊद इब्राहिम से संबंध हैं और 1993 के मुंबई धमाकों में उनकी संलिप्तता है, जिसके कारण उनकी हत्या की जानी चाहिए। मुंबई पुलिस ने सिद्दीकी की हत्या के मामले में आरोपपत्र दायर कर दिया है, जिसमें अनमोल बिश्नोई के नेतृत्व वाले अपराध सिंडिकेट को हत्या का जिम्मेदार ठहराया गया है।





## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जापान दौरे का दूसरा दिन

# आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने की होगी पहल



भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान दौरे के दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न प्रमुख उद्योगपतियों और संगठनों के साथ महत्वपूर्ण बातचीत करेंगे। भारत की जापान के साथ आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने की पहल होगी। यह दिन प्रदेश में निवेश, व्यापार और औद्योगिक सहयोग को नई ऊंचाई देने के लिए समर्पित रहेगा।

### परिवहन और अधोसंरचना में सहयोग पर चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहली बैठक ईस्ट जापान रेलवे कंपनी और केइदानरेन की दक्षिण एशिया समिति के अध्यक्ष यूजी फुकासावा के साथ होगी। यह बैठक टोक्यो के इम्पीरियल होटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित होगी। इसमें रेलवे और परिवहन क्षेत्र में तकनीकी सहयोग और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी।

### जेईटीआरओ के साथ व्यापारिक अवसरों पर संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जेईटीआरओ (जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन) के अध्यक्ष सुसुमु काटाओका से मिलेंगे। यह बैठक जेईटीआरओ के मुख्यालय, आर्क मोरी बिल्डिंग, मिनाटो-कु, टोक्यो में होगी। बातचीत का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश में व्यापार और औद्योगिक विकास के लिए अवसर तलाशना और जापान के साथ व्यापारिक संबंधों को सशक्त बनाना रहेगा।

### खाद्य और पेय उद्योग में संभावनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुंतोरी इंडिया के अध्यक्ष ताकायुकी सन्नो से इम्पीरियल होटल में मुलाकात करेंगे। बैठक में खाद्य और पेय उद्योग में निवेश और सहयोग पर चर्चा की जाएगी।

### ऑटोमोबाइल और टायर उद्योग में निवेश

दोपहर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ब्रिजस्टोन मुख्यालय, क्योबाशी, चुओ-कु, टोक्यो में ब्रिजस्टोन के अधिकारियों से मिलेंगे। बैठक का उद्देश्य ऑटोमोबाइल और टायर उद्योग में तकनीकी साझेदारी और निवेश की संभावनाओं को विस्तार देना होगा।

### जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (JICA) के साथ रणनीतिक वार्ता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव JICA के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोहेई हारा से मुलाकात करेंगे। बैठक में जल प्रबंधन, स्मार्ट सिटी परियोजनाएं और अधोसंरचना विकास की संभावनाओं पर चर्चा होगी।

### टेक्सटाइल और रिटेल सेक्टर में सहयोग पर चर्चा

अपराह्न में मुख्यमंत्री डॉ. यादव फास्ट रिटेलिंग कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ तदाशी यानाई से मिलेंगे। इस वार्ता का केंद्र मध्यप्रदेश को टेक्सटाइल और रिटेल उद्योग के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना होगा।

### फर्नीचर और होम डेकोर उद्योग में साझेदारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव निटोरी होल्डिंग्स के अध्यक्ष तोशीयूकी शिराई से मुलाकात करेंगे। यह बैठक इम्पीरियल होटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित होगी और फर्नीचर उद्योग में सहयोग के नए अवसर तलाशने पर केंद्रित होगी।

### प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद और रात्रिभोज

सायंकाल मे मुख्यमंत्री डॉ. यादव टोक्यो के इम्पीरियल होटल के हिकारी हॉल में प्रवासी भारतीय समुदाय और मध्यप्रदेश के मित्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर प्रदेश की औद्योगिक प्रगति, निवेश अवसरों और नीतियों पर प्रकाश डालेंगे। इसके रात्रिभोज में शामिल होंगे।

### प्रदेश के आर्थिक विकास में नई दिशा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह दिन प्रदेश को एक वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने और जापान के साथ दीर्घकालिक औद्योगिक साझेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह दौरा मध्यप्रदेश की आर्थिक प्रगति के लिए नए द्वार खोलने की संभावना रखता है।

## हमारी प्रतिबद्धता जनता के विश्वास के प्रति है : राज्यमंत्री श्रीमती गौर

### गोविंदपुरा क्षेत्र में 1 करोड़ 19 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया



भोपाल (निप्र)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता जनता के विश्वास के प्रति है। परमपिता परमेश्वर के आशीर्वाद और विधानसभा क्षेत्र की जनता का विश्वास ही है कि हम लगातार विकास कार्य कर रहे हैं। यह बात उन्होंने मंगलवार को वार्ड-63 में 1 करोड़ 19 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान कहीं।राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने गुरुनानक पब्लिक स्कूल पिपलानी, भेल में साइंस पार्क के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कहा कि, विज्ञान पार्क बनने से बच्चों की साइंस क्षमता बढ़ेगी, बच्चों की जिज्ञासा शांत होगी और नई टेक्नोलाजी से समृद्ध होने का अवसर भी मिलेगा वार्ड-63 के चांदमारी झुग्गी बस्ती में 9 लाख 66 हजार की लागत से सड़क, आरसीसी नाली और पाइप कल्वर्ट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। क्षेत्र की जनता से संवाद करते हुए पीने के पानी की सप्लाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। 50 क्वार्टर झुग्गी बस्ती में सीसी सड़क व आर सीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

## प्रदेश में सीएम राइज योजना में 22 स्कूल भवनों का निर्माण पूर्णता की ओर

### सीएम राइज स्कूलों में विद्यार्थियों को मिल रही है निःशुल्क परिवहन सेवा

भोपाल (ए.)। प्रदेश में स्कूली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिये जाने के उद्देश्य से नई शिक्षा नीति-2020 में रोचक एवं आनंददायक शिक्षा दिये जाने की अनुशंसा की गयी है। इस उद्देश्य से सीएम राइज योजना में 9200 विद्यालयों का चयन किया गया है। इन विद्यालयों को दो चरणों में सर्व-संसाधनयुक्त बनाया जा रहा है। योजना के पहले चरण में 274 विद्यालयों में भवन निर्माण की स्वीकृति दी गयी है। इनमें से 22 स्कूल भवनों का निर्माण पूर्णता की ओर है। योजना के दूसरे चरण में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 276 विद्यालयों को सर्व-संसाधन रूप में विकसित करने की स्वीकृति दी गयी है। इस पर तेजी से काम किया जा रहा है। इन विद्यालयों में कक्षा-केजी से कक्षा-12वीं तक पढ़ाई का संचालन किया जायेगा। प्रदेश में संचालित हो रहे सीएम राइज स्कूलों में रतलाम के विनोबा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय संस्था टी-4 एजुकेशन द्वारा नवाचार श्रेणी में विश्व में प्रथम स्थान प्रदान किया गया है।

सीएम राइज योजना का प्रथम सर्व-सुविधायुक्त विद्यालय भवन गुलाना जिला शाजापुर में बनाया गया है। सीएम राइज स्कूल में आसपास के क्षेत्र के बच्चों को स्कूल तक पहुँचने के लिये निःशुल्क परिवहन सेवा भी प्रारंभ की गयी है।

## विविध-समाचार

### दो लाख कीमत की दो सोने की चेन चोरी

भोपाल(आरएनएस)। कटारा हिल्स के कस्तूरी रॉयल पार्क कॉलोनी में महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर के घर से दो लाख रुपए कीमत की सोने की दो चेन चोरी हो गई। महिला ने नोक्रानी पर संदेह व्यक्त किया है। पुलिस के अनुसार, शीला पत्नी कस्तूरी रॉयल पार्क कॉलोनी में रहती हैं। वह बीडीए में कम्प्यूटर ऑपरेटर हैं। 21 जनवरी की सुबह उनके घर से सोने की दो चेन चोरी हा गई। उस समय नौकरानी सीमा घर में काम कर रही थी।

### पत्थर से टिकाकर कार के पहिए निकाल ले गए

भोपाल,(आरएनएस)। हबीबगंज की अरेरा कॉलोनी के चित्रगुप्त सोसायटी में चोरों ने कार के दो पहिए चुरा लिए। घटना रविवार रात की है। चोर कार को पत्थर के सहारे छोडक़र गए। वाहन मालिक प्रशांत ठाकुर ने पुलिस को बताया कि रविवार रात को 11 बजे उन्होंने अपनी कार घर के बाहर खड़ी की थी। जब सुबह कार के पिछले दोनों पहिए गायब थे और उनकी कार पत्थरों के सहारे खड़ी थी, हबीबगंज पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### पत्नी के मायके जाने से दुखी पति ने की खुदकुशी

भोपाल,(आरएनएस)। अवधपुरी क्षेत्र में रहने वाली युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। अवधपुरी पुलिस ने बताया कि शुभम यादव जवाहर नगर अवधपुरी में रहता था। वह पानी का टैंकर चलाता था। कुछ दिनों पहले उसकी पत्नी मायके चली गई थी और वापस नहीं आ रही थी। इससे दुखी होकर शुभम ने शनिवार-रविवार रात को घर में फांसी लगा ली। एम्स अस्पताल को सूचना पहुंची पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सोंप दिया।

### 703 चालान काटे, वसूला 1.3 लाख का जुर्माना

भोपाल,(आरएनएस)। राजधानी में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के अमले ने गत दिवस 703 प्रकरणों में 1.3 लाख रुपए वसूल किया। निगम अमले ने सीएंडडी वेस्ट के 15 प्रकरणों में पांच हजार 850 रुपए की राशि स्पॉट फाइन के रूप में वसूल की। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का पूरी तरह उपयोग करें।

### भीख नहीं देने पर अभद्रता करने वाला भिखारी गिरफ्तार

भोपाल,28 जनवरी (आरएनएस)। एमपी नगर पुलिस ने एक युवक से जबरदस्ती भीख मांगने को लेकर भिखारी पर कार्रवाई की है। घटना 25 जनवरी बोर्ड ऑफिस स्थित सिग्नल की है। भीख नहीं देने पर भिखारी ने युवक ने अभद्रता कर दी। पुलिस ने प्रदेश में भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया हे। पुलिस क अनुसार, योगेंद्र नामक युवक ने पुलिस को बताया कि वह बोर्ड ऑफिस चौराहे पर एक भिखारी ने उसका हाथ पकडक़र दस रुपए मांगे। युवक ने काम करने की सलाह दी तो आरोपी ने बदतमीजी करने लगा। इसके बाद फरियादी ने एमपी नगर थाने में शिकायत की। पुलिस ने भीख मांगने वाले रितिक (21) को तत्काल गिरफ्तार कर लिया है।

### वन प्रबंधन वाले एनजीओ की जानकारी मांगी

भोपाल,(आरएनएस)। प्रदेश के वन प्रबंधन में कार्यरत एनजओ की वन मुख्यालय ने जानकारी तलब की है। ये वह एनजीओ हैं जो जंगल में आग के नियंत्रण के लिए वन अमले को प्रशिक्षित करते हैं। साथ ही वन प्रबंधन से जुड़े अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम ाी चलाते हैं। बीते वर्ष वन ओर वन्यजीवों की सुरक्षा पर उठे सवालों के चलते एनजीओ की भी भूमिका पर संदेह जताया जा रहा है। ऐसे में वन मुख्यालय की वसंरक्षण शाखा के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) मनोज कुमार अग्रवाल ने सभी एनजीओ की जानकारी मांगी है। जिसके बाद अब फील्ड के वन अधिकारी द्वारा इन एनजीओ के पंजीयन सहित सारी डिटेल खंगाली जा रही है। वन विभगा यह भी पता लगा रहा है कि संबंधित एनजीओ की फंडिंग का सोर्स क्या हे। इन एनजीओ को अंतरराष्ट्रीय फंडिंग भी मिलती है यह फंडिंग कहां से ओर किस उद्देश्य से दी जाती है, इसकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। मध्य प्रदेश में अधिकांश एनजीओ लंबे समय से जंगलों में अग्नि सुरक्षा के प्रति प्रशिक्षण व कार्यशलाएं चलाते हैं। बावजूद इसके पांच साल में एक लाख 23 हजार 80 बार जंगल में आग लगने की घटनाएं हुई हैं।

## मातृवंदना योजना : 48 हजार हितग्राहियों के भुगतान अटके

भोपाल (आरएनएस)। गर्भवती महिलाओं ओर प्रसूताओं को प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि नहीं मिल पा रही है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा योजना में बदलाव के बाद साफ्टवेयर में भी परिवर्तन करने से यह दिक्कत आ रही है। प्रदेश की लगभग 48 हजार महिलाओं को राशि नहीं मिल पाई है। ये वहे हैं, जो साफ्टवेयर में परिवर्तन के पहले से पंजीकृत हैं। पहले यह संख्या लगभग एक लाख थी, पर धीरे-धीरे कर 50 हजार से अधिक की भुगतान हो चुका है। इस मामले में सीएम हेल्पलाइन में भी 45 हजार शिकायतें पहुंच चुकी हैं। योजना के अंतर्गत दो किश्त में पांच हजार रुपए दिए जाते हैं। हितग्राहियों को भुगतान नहीं मिलने की समस्या एक वर्ष से है। अक्टूबर 2024 तक तक इस संबंध में 25 हजार शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में पहुंच चुकी थीं जो बढक़र 45 हजार हो गई हैं। हालांकि, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफसे पुराने हितग्राहियों के दस्तावेजों का परीक्षण कर नए साफ्टवेयर में शिफ्ट किया जा रहा है, पर अभी भी लगभग 48 हजर महिलाओं को सहायता राशि नहीं मिल पाई है। केंद्र सरकार ने योजना को एक अप्रैल 2022 में संशोधित कर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना 2.0 शुरु किया है। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के पोषण का स्तर सुधारने के साथ ही बालिका के जन्म को प्रोत्साहित करना है इसमें प्रथम प्रसव पर पांच हजार रुपये दो किश्तों में देने का प्राविधान है।

## भोपाल मध्य के कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा



भोपाल/जबलपुर,(आरएनएस)। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने भोपाल मध्य से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को उनके विरुद्ध दायर चुनाव याचिका के संदर्भ में गवाहों की सूची प्रस्तुत करने के लिए अंतिम मोहलत दी थी। सोमवार को हाईकोर्ट में प्रकरण की सुनवाई के दौरान अवगत कराया गया कि हाईकोर्ट द्वारा पक्ष प्रस्तुत करने व गवाहों की सूची प्रसुत करने अधिक समय नहीं दिए जाने के विरुद्ध मसूद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी है। हाई कोर्ट ने इस जानकारी को रिकार्ड पर लेते हुए सुनवाई सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने तक टाल दी। विधायक आरिफमसूद के निर्वाचन को चुनौती देते हुए पराजित भाजपा प्रत्याशी ध्रुव नारायण सिंह ने हाई कोर्ट में चुनाव याचिका दायर की है। उनका आरोप है कि एसबीआइ, अशोक नगर शाखा से आरिफ मसूद आर उनकी पत्नी के नाम लोन है। इसका उल्लेख उन्होंने अपने नामांकन पत्र में भी नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार हाई कोर्ट लोन संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रहा है। हाई कोर्ट ने तत्कालीन बैंक मैनेजर को गवाही और प्रतिपरीक्षण के लिए तलब किया था। तत्कालीन मैनेजर ने हाई कोर्ट को बताया था कि आरिफ मसूद व उनकी पत्नी सहित 40 खाताधारकों के नाम पर बैंक के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से एक गिरोह ने धोखाधड़ी से लोन स्वीकृत कराए थे, जिसकी जांच सीबीआइ कर रही है। बैंक मैनेजर ने कहा था कि आरिफ मसूद व उनकी पत्नी के नाम पर लोन की प्रविष्टि बैंक रिकार्ड में नहीं है और खातों को एनपीए कर दिया गया। भ्रमित कर उनसे रिकवरी लेटर पर हस्ताक्षर कराए गए थे। बैंक ने अधिकृत तौर पर कांग्रेस विधायक व उनकी पत्नी को रिकवरी लेटर जारी नहीं किया है।

## वक्फएक्ट में बदलाव से पहले संपत्ति का होगा सत्यापन

भोपाल,(आरएनएस)। केंद्र सरकार के वक्फएक्ट में बदलाव के प्रयास के साथ ही प्रदेश में वक्फप्रापर्टी का भौतिक सत्यापन शुरु कर दिया गया है। इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों में 14 हजार 986 प्रापर्टी का सत्यापन किया जाना है। इसके लिए पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र भेजा है। राजधानी में हुजूर, बैरसिया और कोलार तहसील क्षेत्र के 81 गांवों में वक्फप्रापर्टी का सत्यापन किया जाएगा। वक्फ प्रॉपर्टी का सर्वे करने के लिए क्षेत्र के पटवारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है जो गजट नोटिफिक्रेशन और मौके पर कब्जे के आधार पर रिपोर्ट पेश करेंगे। देशभर के वक्फ बोर्ड में व्यवस्थाओं ओर नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी की जा रही है। केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फएक्ट में 40 संशोधनों पर चर्चा की है, जिससे वक्फसंपत्तियों के अनिवार्य सत्यापन और वक्फबोर्ड के अधिकारी को सीमित किया जाएगा। देश भर में इस बदलाव में मध्यप्रदेश की आरबों रुपये की संपत्ति भी प्रभावित होगी। प्रदेश की 14 हजार 986 प्रापर्टी इसकी जद में आएंगी। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि जिले में वक्फ प्रापर्टी का सर्वे कराया जा रहा है, जिसे आनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

## लोकरंग में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ..! अतिक्रमण से अधिकृत स्टाल वाले परेशान..

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग के उत्कृष्ट आयोजनों में से एक आयोजन लोकरंग जो कि हर वर्ष रविन्द्र भवन, भोपाल में 26 से 30 जनवरी के मध्य आयोजित होता है, वहाँ अवैध अतिक्रमण, कालाबाजारी, अव्यवस्थाओं और कुप्रबंधन को साफ़तौर पर देखा जा सकता है । कई असामाजिक तत्वों ने लोकरंग आयोजन स्थल पर बिना अनुमति के निर्माण कर दूसरे दिन ही अपने अवैध स्टॉल लगा लिए । जब प्रबंधन समिति नींद से जागी और अवैध स्टॉल व अतिक्रमण हटाने पहुँची तो अतिक्रमणकारियों ने उनके साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौच करी व धमकियां देते हुए उन्हें घेर लिया । डरे-सहमे प्रबंधन समिति के लोगों ने इस मामले की जानकारी संचालक संस्कृति एन. पी. नामदेव को दिया परंतु कार्यवाही करने के बजाय संचालक महोदय अपने ही विभाग के पीएस महोदय का नाम लेने लगे और अपने दायित्वों से बचते नज़र आए । जबकि संचालक को तुरंत मामले की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को देकर इन अतिक्रमणकारियों को वहाँ से खदेड़ने हेतु अपने विभाग का बल या पुलिस-प्रशासन का बल उपयोग करना चाहिए था । इस घटना से वहाँ वैधानिक रूप से अपने स्टॉल लगाने वाले लोगों में और आगुन्तकों में भी रोष देखा जा रहा है । अभ देखना ये है कि विभाग और प्रबंधन समिति इन अवैध स्टॉल लगाने वाले तत्वों पर कब तक कार्यवाही करता है ।

### ड्राई-डे के एक दिन पहले और एक दिन बाद बिकी 60 लाख रुपए से अधिक की शराब, अवैध भी जब्त हुइ

भोपाल (आरएनएस)। गणतंत्र दिवस पर ड्राइ डे होने के कारण इसके एक दिन पहले शनिवार ओर एक दिन बाद सोमवार को 15 से 20 फीसदी ज्यादा शराब बिकी। आमतौर पर भोपाल में रोज 3.50 करोड़ रुपए की शराब बिकती है। लेकिन यानी दो तदिनों में करीब 60 लाख रुपए से अधिक की शराब बिकी। इधर, आबकारी विभाग ने रविवार देर रात तक कई जगह अवैध शराब की बिक्री, संग्रहण और परिवहन को लेकर अभियान चलाया। इस

## 10वी-12वीं के विद्यार्थियों के लिए 32 पेज की एक ही उत्तरपुस्तिका होगी

भोपाल, (आरएनएस) ।माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की दसवीं व 12वीं की परीक्षा 24 फरवरी से शुरु हो रही हे। इस बार विद्यार्थियों को मुख्य उत्तर-पुस्तिका में ही पूरा प्रश्नपत्र हल करना होगा। यह उत्तरपुस्तिका 32 पेज की होगी। अभी तक 20 पेज की उत्तरपुस्तिका दी जाती थी। उत्तरपुस्तिका के मुख्य पेज पर बार कोड भी लगा रहेगा, जिससे इसके हेर-फेर की संभावना नहीं रहेगी। विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री कॉपी नहीं मिलेगी। बोर्ड परीक्षा को लेकर सोमवार को माशिमं और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय भी हुआ कि सिलाई खुली हुई उत्तरपुसितका को नकल प्रकरण में दर्ज किया जाएगा। बैठक में परीक्षा संबंधी जरूरी व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। बता दें कि इस साल दोनों कक्षाओं के 16.61 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। साथ ही परीक्षा कार्य में करीब 45 हजार अधिकारी, शिक्षक व कर्मचारी शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर रोक लगाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इस पर प्रश्नपत्रों के बंडलों को थाना से निकालने और वितरित करने में कई सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। प्रश्नपत्रों के साथ कोरी उत्तरपुस्तिकाओं का वितरण भी क्रमवार किया जाएगा।

## शासकीय महाविद्यालय बोर्ड कॉलोनी भोपाल के 50 छात्र-छात्राओं ने नेचर कैम्प में लिया भाग

### वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में पक्षी अवलोकन एवं नेचर कैम्प



भोपाल( निप्र )। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से छात्र-छात्राओं का पक्षी अवलोकन एवं नेचर कैम्प आयोजित किया गया। नेचर कैम्प में शासकीय महाविद्यालय बोर्ड कॉलोनी भोपाल के 50 छात्र-छात्राओं और 3 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।नेचर कैम्प में वन, वन्य-प्राणियों के प्रति जागरूकता तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के लिये स्कूली छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। विषय-विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं को पक्षी दर्शन, तितली, वन्य-प्राणी दर्शन, वानिकी गतिविधियाँ और पर्यावरण से संबंधित रोचक जानकारी दी गयी। कैम्प में बाघ, तेंदुआ, भालू, मगर, घड़ियाल, चीतल, सांभर और नीलगाय आदि वन्य-प्राणियों का अवलोकन कराया गया। इसके अलावा किंगफिशर, ओपन बिल स्टॉर्क, बुलीनेक स्टॉर्क, कॉर्पोरेट, जकाना, कूट आदि पक्षी और कृत्रिम घोंसले, पक्षियों के पुतले भी दिखाये गये। नेचर कैम्प में स्रोत व्यक्ति के रूप में भोपाल बर्ड्स के मोहम्मद खालिक एवं विजय नंदवंशी द्वारा छात्र-छात्राओं को वन्य-प्राणियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। मिशन लाइफ अंतर्गत पर्यावरण को बचाने के लिये कैम्प में शपथ भी दिलायी गयी। इस अवसर पर वन विहार के संचालक श्री मीना अवधेश कुमार शिव कुमार, सहायक संचालक एस.के. सिन्हा एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फायलेरिया बीमारी के उन्मूलन घर-घर पहुंचेंगे स्वास्थ्यकर्मी

### -हालिया जांच में 01 फीसदी लोगों में फायलेरिया के सिम्टम

### -10 फरवरी से 15 दिवसीय अभियान प्रारम्भ

भोपला (आरएनएस)। फायलेरिया बीमारी के उन्मूलन करने सामूहिक दवा सेवन अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है,अभियान को लेकर जिला अस्पताल में प्रेस वार्ता आयोजित की गई,इस अवसर पर डॉ वीएस चंदेल,जिला मलेरिया सलाहकार रवि साहू एवम पर्यवेक्षक भोपाल राजेश वर्मा मौजूद रहे। प्रेस वार्ता में डॉ वीएस चंदेल ने बताया कि फायलेरिया (हाथीपांव) की रोकथाम के लिए 10 फरवरी से 25 फरवरी तक पूरे जिले में आइवरमेंक्टिंन,डीईसी एवम एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया जाना है।इन 15 दिनों में 10 से 14 फरवरी तक शैक्षिक संस्थाओं,15 से 21 फरवरी स्वास्थ्य कार्यकर्ता डोरटूडोर पहुंचेंगे,इसके अलावा 22 से 25 फरवरी उन लोगो को दवा देना है,जो अभियान के बीच मे छूट गए है।उन्होंने बताया कि गर्भवती माताओं,अत्यधिक वृद्ध,गम्भीर रोगों से पीड़ित व्यक्ति को गोली नही देना है।उन्होंने बताया कि जिन लोगो को माइक्रो फायलेरिया के कीटाणु होते है,उन लोगो मे गोली खाने के बाद सरदर्द,बदनदर्द,पेटदर्द,उल्टी इत्यादि अनुषंगी प्रभाव हो सकते है,पर इससे घबराना नही है,प्रतिकूल प्रभाव क्षणिक होता है।जिला मलेरिया सलाहकार रवि साहू ने कहा कि ज़रूरी नही है कि फाइलेरिया के लक्षण लक्षित हो,फायलेरिया किसी को भी कभी भी हो सकता है,इसलिए जरूरी है कि फायलेरिया दवा खुद खाये और लोगो को गोली खाने जागरूक करे। भोपाल से आये राजेश वर्मा ने भी फायलेरिया के लक्षणों को बताते हुवे अनिवार्य रूप से गोली खाने की बात कही,और कहा कि फायलेरिया बीमारी की जांच रात 8 बजे से 12 बजे तक जिला मलेरिया कार्यालय में निःशुल्क की जाती है,फायलेरिया बीमारी के लक्षित होने पर जांच ज़रूर कराये। आपको बता दे जिले में करीब 55 मरीज ऐसे है,जिन की फायलेरिया जांच पोसिटिव है,उन्हें परस्पर दवाएं दी जा रही है

# परम्परा और प्रगति एक दूसरे के पूरक- लोक निर्माण मंत्री सिंह मानकुंवर बाई महाविद्यालय में अलंकरण एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

जबलपुर (आरएनएस)। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने परम्परा और प्रगति को एक दूसरे के पूरक बताते हुए कहा है कि बेटियों की पूजा और उनका सम्मान हमारे देश की परम्परा है। उन्होंने कहा कि परम्परा और प्रगति आदिकाल से परस्पर साथ चलते आ रहे हैं और इसीलिये वीरांगना रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई एवं लोकमाता अहिल्या देवी आज भी हमारे मानस पटल पर अंकित है। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह आज मंगलवार को शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय में अलंकरण एवं शैक्षणिक पुरस्कार वितरण समारोह को मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित कर रहे थे।मंत्री श्री सिंह ने कहा कि देश में जन्म लेने वाली वीरांगनाओं की विद्वता का लोहा आज भी माना जाता है। समाज, देश और दुनिया को प्रेरणा देने वाली नारियों के नाम आज भी इतिहास में दर्ज हैं। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि अंग्रेजों और मुगलों के शासनकाल के पूर्व भारत में असमानता नहीं थी। बड़े-बड़े योद्धाओं और पराक्रमी राजाओं को उनकी माँ के नाम पर जाना जाता था। यह हमारे देश में समानता की गहरी जड़ों का उदाहरण है। इसलिए समानता पर पश्चिमी देशों से सीख लेने



की आवश्यकता नहीं है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सम्पूर्ण विश्व में भारत के युवाओं की प्रतिभा का लोहा माना जा रहा है। भारत एक युवा देश है। विश्व में सर्वाधिक युवा भारत में हैं, जिसमें बेटे और बेटियाँ बराबरी से शामिल हैं। इसलिए इस नाते से भारत का आने वाले कल पर अधिकार भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की कही गई बात मात्र एक अभिव्यक्ति नहीं है बल्कि देश की युवा पीढ़ी का विश्वास है। वर्ष 2047 में भारत जब एक विकसित देश होगा तो यहाँ की बेटियाँ भी स्वतंत्र और आत्मनिर्भर होंगी। विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में दुनिया भारत का लोहा मानेगी।

पूरी दुनिया में भारत के ज्ञान का डंका बजेगा, जिसमें बेटियों की हिस्सेदारी कहीं ज्यादा होगी। भारत को विश्वगुरु बनाने में भी बेटियों की भूमिका अहम् होगी। मंत्री श्री सिंह ने मेहनत को सफलता का मूल मन्त्र बताया। इस दौरान मंत्री श्री सिंह ने समारोह में महाविद्यालय की मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किये। समारोह में संस्था की प्राचार्य, शिक्षक तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ।

## दर्शन के नाम पर धोखाधड़ी में आरोपितों पर इनाम घोषित

उज्जैन,(आरएनएस)। महाकाल मंदिर में रुपये लेकर दर्शन कराने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपितों ने हाई कोट्र में जमानत याचिका लगाई है। कोर्ट ने मोबाइल की फोरेंसिक जांच रिपोर्ट व अब तक की जांच रिपोर्ट व अब तक की जांच रिपोर्ट लेकर जांच अधिकारी को तलब किया है। फरार चार आरोपितों के खिलाफ एसपी प्रदीप शर्मा ने दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। दर्शनार्थियों से रुपये लेकर जलाभिषेक के नाम पर रुपये लेने का मामला कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने पकड़ा था। मंदिर समिति ने जांच की थी इसमें मंदिर के दर्शन प्रभारी राकेश श्रीवास्तव व सफाई निरीक्षक विनोद चौकसे की मिलीभगत सामने आई थी। दोनों के मोबाइल की जांच करने व आनलाइन ट्रांजेक्शन गूगल पे व फोन पे खाते में लाखों रुपये का ट्रांजेक्शन मिला था। दोनों श्री महाकालेश्वर के दर्शन करवाने व जलाभिषेक के नाम पर रुपये ले रहे थे। पुलिस ने मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल की शिकायत पर दश्रन प्रभारी राकेश श्रीवास्तव व सफाई निरीक्षक विनोद चौकसे के खिलाफ धारा 318(4), 316(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया था।

## डाक विभाग द्वारा गांधी हाल में दो दिनी डाक प्रदर्शनी आयोजित

### मंत्री श्री सिलावट और सांसद श्री लालवानी की विशेष उपस्थिति में डाक प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ




इन्दौर(आरएनएस)। जल संसाधन मंत्रीतुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में गांधी हाल इंदौर में डाक प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया। भारतीय डाक विभाग के तत्वाधान में आयोजित प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, पद्मश्री डॉ. जनक पलटा मगिलिगन एवं पोस्टमास्टर जनरल सुश्री प्रीती अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद थीं। देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर गांधी हाल में विशेष डाक प्रदर्शनी लगायी गई है। इस अवसर पर पिक्टोरिअल कैंसलेशन एवं देवी अहिल्याबाई से सम्बंधित स्मारकों पर पोस्टकार्ड श्रृंखला का अनावरण भी किया गया। इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सम्बोधित करते हुए कहा कि माता अहिल्याबाई ने भारत के विकास में अहम योगदान दिया था एवं उनकी जयंती के उपलक्ष्य में अहिल्याबाई से सम्बंधित स्मारकों पर पोस्टकार्ड श्रृंखला का अनावरण, कृष्णपुरा छत्री पर पिक्टोरिअल कैंसलेशन का अनावरण एवं होल्कर स्टेट एवं उनके इतिहास पर जारी डाक टिकिट का प्रदर्शन करना डाक विभाग का अनूठा प्रयास है। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती का वर्ष चल रहा है, उन्होंने भारत की समरसता के लिए काम किया है।

## जीवित को मृत घोषित किया, पीएम के लिए ले जाते समय चली सांस

जबलपुर (आरएनएस)। मेडिकल अस्पताल में जीवित व्यक्ति को पीएम के लिए भेजने का मामला सामने आने के बाद कॉलेज प्रशासन में हडकंप मचा रहा। अस्पताल प्रबंधन ने यह बात तो स्वीकारी की गलती हुई है, लेकिन कार्रवाई को लेकर अधिकारी जांच कराने की बात कर रहे हैं। सिहोरा निवासी 66 वर्षीय इंद्रजीत को लेकर उसके परिजन 26 जनवरी को देर रात मेडिकल अस्पताल पहुंचे। यहां पर सर्जरी विभाग में चिकित्सकों ने इंद्रजीत को मृत घोषित कर मृत्यु के साथ पीएम कराए जाने की पर्ची थमा दी।

## एमपी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां शुरु, टीचर्स की छुट्टी पर लगी रोक, इंदौर में 140 स्कूलों का बनाया सेंटर

इंदौर,(आरएनएस)। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षाओं के चलते सरकारी स्कूल के टीचर्स के अवकाश पर रोक लग गई है। स्वास्थ्य कारणों से ही टीचर्स अवकाश ले सकेंगे। इस छुट्टी के लिए भी जिला मेडिकल बोर्ड का सर्टिफिकेट लेना जरूरी होगा। दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए जिले के 140 स्कूलों को सेंअर बनाया गया है। एग्जाम की तैयारियों के चलते जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन ने एक मीटिंग भी की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि बिना अनुमति किसी भी टीचर को छुट्टी नहीं दी जाए। अब जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त संकुल प्राचार्यो को नोटिस जारी कर टीचर्स के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। एग्जाम संबंधी काम को मप्र अनिवार्य सेवा संधारण एवं विच्छिन्नता निवारण अधिनियम के तहत अनिवार्य सेवा घोषित किया है। एग्जाम व मूल्यांकन काम में लगे कर्मचारियों की सेवा अत्यावश्यक श्रेणी में आती है।

## विविध-समाचार

### फूड सेफ्टी ऑफिसर एग्जाम का पार्ट बी इंग्लिश के साथ हिंदी में भी हो

इंदौर (आरएनएस)। इंदौर में अभ्यर्थी गत दिवस मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) के दफ्तर पहुंचे। यहां सचिव के नाम ज्ञापन दिया। कहा कि एमपीपीएससी ने फूड सेफ्टी ऑफिसर की एग्जाम योजना और सिलेबस वेबसाइट पर अपलोड किया है। जिसमें यह बताया गया कि एग्जाम पार्ट बी केवल इंग्लिश लैंग्वेज में होगा। उनका कहना है कि एमपी में अधिकतर अभ्यर्थी हिंदी मीडियम के हैं ओर इसी माध्यम से तैयारी कर रहे हैं। उन्हें इससे मुश्किल होगी। वहीं, उन्होंने बताया कि दूसरे हिंदी भाषी राज्यों में फूड सेफ्टी ऑफिसर के एग्जाम दोनों माध्यम में होते हैं तो हिंदी माध्यम वलो अभ्यर्थियां की संख्या को देखते हुए यहां भी पूरी एग्जाम दोनों माध्यम में होना चाहिए। दरअसल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी-2024 भर्ती परीक्षा जून में आयोजित होना है। जिसकी परीक्षा योजना और पाठ्यक्रम 23 जनवरी 2025 को घोषित किया गया है।

### हाईकोर्ट ने दिए राज्य सरकार व अन्य को जारी नोटिस के निर्देश

जबलपुर (आरएनएस)। हाईकोर्ट ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर राज्य सरकार व अन्य को नोटिस जारी करने के निद्रेश दिए, जिसमें शिक्षण संस्थानों को शिक्षा के लिए आवंटित जमीन के व्यवसायिक उपयोग किए जाने को चुनौती दी गई है। चीफजस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने अनावेदकों को दो सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए। दमोह के रहने वाले पार्षद गोपाल सिंह ठाकुर की ओर से दायर इस जनहित याचिका में कहा गया है कि शिक्षा प्रसार समिति और जन शिक्षण समिति को शिक्षण कार्य के लिए जमीन आवंटित की गई थी। युगलपीठ ने अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिए।

### मध्याह्न भोजन से 50 बच्चों की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में चल रहा उपचार

हरसूद,(आरएनएस)। गणतंत्र दिवस पर स्कूल में गुणवत्ताहीन मध्याह्न भाजन करने के बाद 50 से अधिक बच्चों की उल्टी-दस्त की शिकातय से तबीयत बिगड़ गई। आठ से दस साल के इन सभी पीड़ित बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया अभी इनकी तबीयत ठीक है। रविवार को ग्राम कसरावद में गणतंत्र दिवस पर झंडावंदन के बाद शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल और आंगनबाड़ी के बच्चों को खीर-पूड़ी परोसी गई। इसके बाद चार बजे से कई बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायतें होने लगी। इससे 50 से अधिक बच्चों की हालत बिगडने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉ. आशीषराज मिश्रा सहित डॉक्टरों की टीम ने बच्चों को उपचार के बाद देर रात में घर लौटा दिया, लेकिन सोमवार को सुबह 36 से अधिक बच्चों को दोबारा उल्टी-दस्त से परेशनी होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## व्यापार समाचार

### रबी फसलों की बुवाई का कुल क्षेत्रफल बढ़कर 655.88 लाख हेक्टेयर हुआ

नई दिल्ली (आरएनएस)। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू सीजन में अब तक देश में विभिन्न रबी फसलों की बुवाई का कुल कृषि क्षेत्रफल 655.88 लाख हेक्टेयर को पार कर गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के आंकड़े 643.72 लाख हेक्टेयर से अधिक है।

गेहूं की बुवाई का क्षेत्रफल पिछले वर्ष की इसी अवधि के 315.63 लाख हेक्टेयर की तुलना में बढ़कर 324.38 लाख हेक्टेयर हो गया है, जिससे इस सीजन में अनाज का उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, सर्दियों में हुई बारिश से भी फसल को लाभ मिलने की उम्मीद है।


दलहन की बुवाई कुल क्षेत्रफल बढ़कर 142.49 लाख हेक्टेयर हो गया है। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 139.29 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में दलहन की बुवाई हुई थी, जिससे फसल के उत्पादन में वृद्धि होने की उम्मीद है।इससे दालों की कीमतों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी, जो महंगाई को बढ़ावा दे रही हैं। श्री अन्ना और मोटे अनाज की बुवाई अब तक 55.67 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हुई है। वहीं, तिलहन 98.18 हेक्टेयर में बोया गया है।इस वर्ष कुल बोए गए क्षेत्र में वृद्धि हुई है। यह देश के लिए काफी अच्छा है। इससे खाद्य वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा और महंगाई को कम करने में मदद मिलेगी।वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार, भविष्य में खाद्य महंगाई में कमी आने की उम्मीद है। इससे अर्थव्यवस्था के विकास का दृष्टिकोण आशावादी बना हुआ है। वहीं, अच्छे मानसून, एमएसपी में वृद्धि और इनपुट की पर्याप्त आपूर्ति से कृषि क्षेत्र को फायदा होगा। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित भारत की खुदरा महंगाई दर दिसंबर में 5.22 प्रतिशत के 4 महीने के निचले स्तर पर आ गई। इसकी वजह महीने के दौरान सब्जियों, दालों और चीनी की कीमतों में कमी आना है।

### भारतीय शेयर बाजार में तेजी, आईटी और फाइनेंस शेयरों में खरीदारी

मुंबई (आरएनएस)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में तेजी के साथ खुला। बाजार के मुख्य सूचकांकों में खरीदारी का ट्रेंड देखा जा रहा है। सुबह 9:45 पर सेंसेक्स 384 अंक या 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,750 और निफ्टी 78 अंक या 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,907 पर था।

लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली का ट्रेंड देखने को मिल रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 661 अंक या 1.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,134 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 453 अंक या 2.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,850 पर था।आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंसियल सर्विस और रियल्टी इंडेक्स में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। ऑटो, मेटल, फार्मा और एनर्जी इंडेक्स में बिकवाली बनी हुई है। सेंसेक्स पैक में एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, जोमैटो, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक और टाटा स्टील टॉप गेनर्स हैं। सन फार्मा, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, एलएंडटी, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज टॉप लूजर्स हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, 23,000 और 23,050 के स्तर निफ्टी के लिए रुकावट के रूप में काम करेंगे, जबकि 22,800 और 22,750 समर्थन क्षेत्र के रूप में कार्य कर सकते हैं। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी रिसर्च प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, यदि यह 22,750 से नीचे गिरता है, तो बिक्री दबाव बढ़ सकता है, जो बाजार को 22,600 के स्तर पर पहुंचा सकता है।

### भारत के डिजिटल पेमेंट्स में यूपीआई की हिस्सेदारी बढ़कर 83 प्रतिशत हुई : आरबीआई रिपोर्ट



मुंबई, (आरएनएस)। भारत के डिजिटल पेमेंट्स सिस्टम में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की हिस्सेदारी 2024 में बढ़कर 83 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2019 में 34 प्रतिशत थी। इस दौरान यूपीआई 74 प्रतिशत के चक्रवृद्धि औसत वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा है। यह जानकारी आरबीआई द्वारा एक रिपोर्ट में दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में बताया गया कि समीक्षा अवधि में अन्य पेमेंट सिस्टम्स जैसे आरटीजीएस, एनईएफटी, आईएमपीएस, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड की हिस्सेदारी 66 प्रतिशत से गिरकर 17 प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि यूपीआई देश के डिजिटल पेमेंट सिस्टम को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इसकी वजह यूपीआई का उपयोग में आसान होना है। व्यापक स्तर पर यूपीआई लेनदेन की वॉल्यूम बढ़कर 2024 में 17,221 करोड़ हो गई है, जो कि 2018 में 375 करोड़ थी। इस दौरान कुल लेनदेन की वैल्यू 5.86 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 246.83 लाख करोड़ रुपये हो गई है।रिपोर्ट में बताया गया कि यूपीआई की वॉल्यूम और वैल्यू बीते पांच वर्षों में 89.3 प्रतिशत और 86.5 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ी है। पी2पी (पर्सन-टू-पर्सन) और पी2एम (पर्सन-टू-मर्चेंट) दोनों ही लेनदेन यूपीआई की सुरक्षित और रियल टाइम भुगतान क्षमताओं का लाभ उठाते हैं, जिससे व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए पारंपरिक और समय लेने वाले तरीकों पर निर्भर हुए बिना वित्तीय लेनदेन करना आसान हो जाता है। यूपीआई पी2एम लेनदेन की वॉल्यूम, यूपीआई पी2पी लेनदेन की वॉल्यूम से अधिक हो गई है। हालांकि, वैल्यू में यूपीआई पी2पी लेनदेन अभी भी यूपीआई पी2एम लेनदेन से अधिक है। पिछले कुछ वर्षों में यूपीआई की शानदार प्रगति और उपलब्ध डिजिटल भुगतान के अधिक विकल्पों से भारत में डिजिटल भुगतान में मजबूत वृद्धि देखी गई है। अकेले 2024 में भारत में 208.5 अरब डिजिटल भुगतान लेनदेन दर्ज किए गए हैं।

### एयर इंडिया ने 5 घंटे तक यात्रियों को विमान में बिठाए रखा, दम घुटने लगा तो हुआ भयंकर बवाल

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई से दुबई जा रही एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 909 में रविवार, 26 जनवरी को एक बेहद ही चौंकाने वाली घटना सामने आई है। विमान में सवार यात्रियों को लगभग 5 घंटे तक



बिना एयर कंडीशनिंग के बंद विमान में कैद रहना पड़ा, जिससे कई यात्रियों को घुटन और पैनिक अटैक का सामना करना पड़ा।

विमान को सुबह 8.25 बजे मुंबई से रवाना होना था और 10.15 बजे दुबई पहुँचना था। यात्रियों ने समय पर चेक-इन किया और विमान में सवार हो गए। लेकिन, विमान तकनीकी खराबी के कारण उड़ान नहीं भर सका। यात्रियों को बंद दरवाजों के भीतर ही इंतज़ार करना पड़ा। आखिरकार, विमान शाम 5.10 बजे मुंबई से रवाना हुआ और शाम 6.29 बजे दुबई पहुंचा।जैसे-जैसे केबिन का तापमान बढ़ता गया, यात्रियों को घुटन महसूस होने लगी। एयर कंडीशनिंग काम नहीं कर रही थी, जिसके कारण कई यात्रियों को सांस लेने में भी तकलीफ होने लगी। यात्रियों का आरोप है कि इतनी परेशानी के बावजूद एयरलाइन क्रू ने उनकी कोई मदद नहीं की।विमान में सवार कुछ यात्रियों ने इस घटना के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिए। वीडियो में यात्रियों का डर और गुस्सा साफ़ नज़र आ रहा है।

### रुपया गिरावट के साथ बंद

मुंबई (ए)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 25 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.56 पर बंद हुआ। तेल आयातकों की ओर से डॉलर की निरंतर मांग के बीच ही रुपया शुरुआती कारोबार में 26 पैसे कमजोर होकर 86.57 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से रुपये पर दबाव जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.53 पर खुला और फिर फिसलकर 86.57 प्रति डॉलर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 26 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को नौ पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.31 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.49 फीसदी की बढ़त के साथ 107.86 पर रहा।

### तकनीकी ऋण 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर भारत की प्रमुख चुनौती : सीएएसटी सीईओ




नई दिल्ली (आरएनएस)। ग्लोबल सॉफ्टवेयर इंटेलिजेंस लीडर कास्ट का मानना है कि ग्लोबल प्रौद्योगिकी महाशक्ति बनने की दिशा में भारत के सामने तकनीकी ऋण सबसे बड़ी चुनौती है। सीएएसटी (कास्ट) के संस्थापक और सीईओ विन्सेंट डेलारोचे ने अपनी हाल की भारत यात्रा के दौरान कहा था, भारत किसी भी अन्य देश की तुलना में सॉफ्टवेयर को बेहतर समझता है। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे देश 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, सॉफ्टवेयर जटिलताओं और खासकर तकनीकी ऋण को दूर करना, इस विकास की गति को बनाए रखने के लिए जरूरी है। मैक्किंजे के अनुसार, तकनीकी ऋण, जिसे अप्रचलित या अप्रभावी कोड के संचय के रूप में परिभाषित किया जाता है, हर साल ग्लोबल स्तर पर 1.3 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा की लागत लगाता है और भारत भी इस समस्या से अछूता नहीं है। ग्लोबल स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते आईटी पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक के रूप में, भारतीय उद्यमों को स्केलेबल और सुरक्षित सॉफ्टवेयर समाधान प्रदान करते हुए विरासत प्रणालियों को आधुनिक बनाने की दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। सीईओ विन्सेंट डेलारोचे ने बताया, तकनीकी ऋण केवल एक बाधा नहीं है, यह एक अदृश्य लागत है जो इनोवेशन (नवाचार) को कमजोर करती है। सीएएसटी भारतीय उद्यमों को अक्षमताओं की पहचान करने और उन्हें खत्म करने के लिए उपकरण प्रदान करता है, जिससे उन्हें ग्लोबल तकनीकी क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने में मदद मिलती है। नैसकॉम के आंकड़ों के अनुसार, भारत का आईटी क्षेत्र (जो ग्लोबल अर्थव्यवस्था में सालाना 245 बिलियन डॉलर से ज्यादा का योगदान देता है) नवाचार का एक प्रमुख चालक है।डेलारोचे ने भारत की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि देश का 5.2 मिलियन का मजबूत डेवलपर कार्यबल, (जो वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा है) सीएएसटी की ग्लोबल महत्वाकांक्षाओं के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवर्तक है। उन्होंने कहा, भारत का डेवलपर टैलेंट पूल बेजोड़ है। हम उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में जरूरी भागीदार मानते हैं। हम तकनीकी ऋण को कम करके, आईटी बुनियादी ढांचे को अनुकूलित करके और डेवलपर उत्पादकता को 25 प्रतिशत तक बढ़ाकर भारतीय उद्यमों और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे सॉफ्टवेयर की डिलीवरी समय सीमा में सुधार होगा, जो प्रभावी व्यापार परिणाम हासिल करने के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है।सीएएसटी एक निजी कंपनी है, जिसका अधिकांश हिस्सा ब्रिजपॉइंट के पास है, जो कि एक अग्रणी एफटीएसई 250 निवेश फर्म है, इसने अपने सॉफ्टवेयर इंटेलिजेंस समाधानों को समर्थन देने के लिए पिछले दो दशकों में अनुसंधान और विकास में 200 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। ये समाधान सॉफ्टवेयर सिस्टम का समग्र विश्लेषण प्रदान करते हैं, तथा तकनीकी ऋण, क्लाउड तत्परता, सुरक्षा कमजोरियों और सिस्टम दक्षता जैसे प्रमुख पहलुओं पर ध्यान देते हैं। सीएएसटी की ग्लोबल उपस्थिति नौ देशों में है और इसकी मजबूत साझेदारियां प्रमुख उद्योग दिग्गजों जैसे बीसीजी, ईवाई, एक्सेंचर, आईबीएम कंसल्टिंग, एडब्ल्यूएस, माइक्रोसॉफ्ट एज़्योर, और गूगल क्लाउड के साथ हैं।

सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

# उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं

आतंकवाद के मुद्दे को लेकर पाकिस्तान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नसीहत और चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। इस क्षेत्र को आतंकवाद के केंद्र के रूप में इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए रक्षा मंत्री ने इसकी भूमि प्रशिक्षण शिविरों और घुसपैठ गतिविधियों के लॉन्च पैड के तौर पर करने की बात कही। रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इसकी पक्की जानकारी भारत के पास है, पाकिस्तान को यह बीमारी खत्म करनी होगी, नहीं तो डॉट-डॉट-डॉट।

पीओके के लोगों को सम्मानजनक जीवन से वंचित रखने और धर्म के नाम पर उनका शोषण करने की भी उन्होंने चर्चा की। पीओके के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि यह जिया-उल-हक के समय से पोषित भारत विरोधी एजेंडा का हिस्सा है। पीओके यानी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक ने बीते हफ्ते जिहादी संस्कृति को फिर जीवित करने की घोषणा की है।

जिहाद की वकालत कर, अल-जिहाद के नारे लगवाने के पीछे उनकी मंशा इलाके की शांति भंग कर स्थिरता को ठेस लगाने की है। भारत-पाकिस्तान के दरम्यान 1965 में अखनूर में ही युद्ध लड़ा गया था। 1948, 1965, 1971 से लेकर 99 तक पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी परंतु घुसपैठ की घटनाएं रुकी नहीं हैं। न ही लगातार अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने की नीति छोड़ रहा है।

सरकार का दावा है कि धारा 370 को हटाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में महत्त्वपूर्ण बदलाव नजर आ रहा है। राज्य की अब्दुल्ला सरकार ने भी लचीला रुख अख्तियार किया है। सरकार इस इलाके को भारत के माथे के मुकुट का मणि बताते हुए लंबे समय से दावा कर रही है कि वह पीओके को वापस लेने के प्रति गंभीर है।

पाकिस्तान का भारत विरोधी रुख किसी से छिपा नहीं है। शांति के प्रति उदासीन इस पड़ोसी मुल्क के पास आंतरिक समस्याओं का इतना अंबार है कि वह अंतरराष्ट्रीय मसलों के प्रति उपेक्षा भाव अपनाए रहने को मजबूर लगता है। सैनिकों की हौंसलाफजाई तक तो ठीक है परंतु जब उस पर डपट काम नहीं करती तो यूं डॉट-डॉट-डॉट जैसे हफरे का क्या असर हो सकता है। कोरी धमकियों की बजाय अब सरकार को स्पष्ट तौर पर उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं करना चाहिए।

# राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना बहुत जरूरी

**भारत डोगरा**

समय में जब दुनिया बहुत संवेदनशील दौर से गुजर रही है, हमें विश्व स्तर पर अमन-शांति के प्रयासों में भरपूर सहयोग देना चाहिए, पर साथ में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना भी बहुत जरूरी है, और इसके लिए हमें बहुत सावधानी से अपनी राह बनानी होगी।

यह एक बहुपक्षीय चुनौती है पर फिर भी यदि संक्षेप में कहें तो ये चार राहें हमारे देश को सुरक्षा और समृद्धि की राह पर ले जाती हैं।

पहली राह तो यह है कि राष्ट्रीय एकता को बहुत उच्च प्राथमिकता दी जाए और धर्म, जाति, क्षेत्र, रंग, लिंग आदि हर तरह के भेदभाव को समाप्त किया जाए और सभी लोगों को भारतीय नागरिक के रूप में एक से अधिकार, सम्मान और गरिमा प्राप्त हों। यह सरकारी नीति के लिए और लोगों के व्यवहार,दोनों के लिए जरूरी है कि किसी को सामाजिक विषमता, भेदभाव या अनुचित व्यवहार का अहसास न हो। जिन्होंने ऐतिहासिक स्तर पर बहुत विषमता सही है, उनके लिए संवैधानिक स्तर पर जो विशेष लाभ दिए गए वे इस समता के उद्देश्य के अनुकूल हैं, संविधान-सम्मत हैं, और उन्हें भी सम्मान मिलना चाहिए। दूसरी राह यह है कि विभिन्न राजनीतिक दलों और अन्य राजनीतिक-सामाजिक ताकतों में टकराव सीमा से आगे न बढ़े और आपसी मतभेदों के भिन्न विचारों के बावजूद वे बड़े राष्ट्रीय हितों पर एक-दूसरे से सहयोग ही करते रहें। इसके लिए जरूरी है कि एक-दूसरे के विरुद्ध अपमानजनक भाषा या अतिश्योक्तिपूर्ण आलोचना से बचा जाए। लोकतंत्र में तो यह निश्चित है कि विभिन्न राजनीतिक दल और अन्य राजनीतिक-सामाजिक संगठन अपने-अपने विचारों के साथ आगे बढ़ें और एक-दूसरे के विचारों की आलोचना करें। लोकतंत्र का एक बड़ा आधार ही यह है कि ऐसे मतभेद हिंसा और नफरत का रूप न लें और लोकतांत्रिक तौर-तरीकों के आधार पर इन विभिन्न विचारों के बीच बेहतर राह निकाल कर देश आगे बढ़ सके।

आज लोकतंत्र में यह भूमिका कई जगह संकटग्रस्त हो रही है। अपने को लोकतंत्र का शिखर मानने वाले पश्चिमी देशों के लोकतंत्र पर भी सवाल उठ रहे हैं। दूसरी ओर, कुछ छोटे-बड़े अन्य देशों में मनभेदों और महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव अनियंत्रित हो जाने के कारण गृह युद्ध हो चुके हैं, या हो रहे हैं, जिनमें लाखों निर्दोष लोग मारे गए हैं। हम अपने आस-पड़ोस में ही देखें-बांग्लादेश और पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल-तो स्थिति चिंताजनक ही नजर आएगी। अत: आवश्यक है कि इन अनुभवों से सबक लेते हुए देश के विभिन्न विचारों वाले राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों की कुछ ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे उनके आपसी टकराव अनुशासन और शालीनता की सीमा में रहें और अनुचित या अवैध तौर-तरीकों का उपयोग एक-दूसरे के विरुद्ध न किया जाए। तीसरा मुद्दा, जो इससे जुड़ा हुआ है, यह है कि हमें आपसी एकता से तय कर लेना है कि हम विदेशी ताकतों के हाथों में नहीं खेलेंगे। विश्व के जिन देशों में हाल के दशकों में सर्वाधिक विनाश हुआ है, जैसे इराक, अफगानिस्तान, सीरिया, लेबनान, लीबिया, सुडान और सोमालिया आदि, में इस विनाश में सबसे शक्तिशाली विदेशी ताकतों की बड़ी भूमिका रही है। अनेक अन्य छोटे-बड़े देशों में भी इन सबसे शक्तिशाली देशों ने तरह-तरह से अनिश्चय लाने की नीतियां अपनाई, उन्हें कमजोर करने और वहां ऐसे तत्वों को आगे बढ़ाने की कोशिश की जो इन शक्तिशाली देशों का साथ दे सकते हों। इन देशों में यदि ऐसी सरकारें हैं जो बड़ी शक्तियों की मनमानी में बाधा हैं तो इन सरकारों को कमजोर या अस्थिर करने या हटाने तक के प्रयास इन सबसे शक्तिशाली देशों ने किए। अत: इस बारे में हमारे देश में व्यापक एकता बननी चाहिए कि जहां तक बाहरी ताकतों के नापाक इरादों और साजिशों का सवाल है, तो उनका सामना हम एकता से करेंगे। यह देशभक्ति की ऐसी राह है, जिसे हमें कभी नहीं छोड़ना है। चौथी राह यह है कि हमें देश और दुनिया के मूल सिद्धांतों के रूप में अमन-शांति, न्याय और समता, पर्यावरण की रक्षा और सभी जीवों के प्रति करुणा को स्वीकार कर लेना चाहिए। हां, विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों के लिए इन सिद्धांतों की व्याख्या अलग हो सकती है और सभी के अपने रीति-रिवाजों और लोकतांत्रिक अधिकारों का तो सम्मान करना ही पड़ेगा। अपने-अपने विचारों और सोच के आधार पर भी विभिन्न व्यक्ति और संगठन इन सिद्धांतों को अलग ढंग से परिभाषित करेंगे और फिर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के चलते जो तय होगा उस पर ही देश चलेगा और साथ में लोकतांत्रिक बहस भी चलती रहेगी। इन चार रास्तों पर भली-भांति धैर्य, समझदारी और दृढ़ निश्चय और साहस से चला जाए तो ये चारों रास्ते एक ऐसे चौराहे पर मिलते हैं जिसका नाम है देश की स्थाई सुरक्षा और समृद्धि। बढ़ता सैन्य खर्च भी देश को वह सुरक्षा नहीं दे सकता जो ये चार रास्ते दे सकते हैं, बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों का निवेश भी वह समृद्धि नहीं दे सकता जो ये चार रास्ते दे सकते हैं। इस तरह की सोच को लोगों के बीच विशेषकर युवाओं के बीच ले जाना बहुत जरूरी है क्योंकि वे ही तो देश का भविष्य हैं। युवाओं के लिए इसी सोच से जुड़ा यह संदेश है कि इस समय सार्थक और जरूरी बदलाव के लिए सबसे जरूरी कार्य है न्याय, अमन-शांति और पर्यावरण रक्षा पर आधारित एक ऐसा एजेंडा लोगों के बीच ले जाना है, जिसके विभिन्न लक्ष्य एक दूसरे से मेल रखते हों। इसके लिए लोकतंत्र और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं बहुत जरूरी हैं, पारदर्शिता बहुत जरूरी है, खुला विमर्श बहुत जरूरी है। अत: सार्थक सामाजिक बदलाव की राह पर अग्रसर युवाओं को अहिंसा और पारदर्शिता की राह को ही चुनना चाहिए। देश ही नहीं, दुनिया के स्तर पर भी मौजूदा दौर में अहिंसक क्रांति का अर्थ है अधिसंख्य लोगों को समय रहते अमन-शांति, न्याय और पर्यावरण रक्षा के एजेंडे के लिए तैयार करना। यह कठिन चुनौती है, जिसके लिए बहुत मेहनत से, समझदारी से, निरंतरता से कार्य करने की जरूरत है। इसी तरह गृह युद्ध, अलगाववादी हिंसा, सांप्रदायिकता, धार्मिक कट्टरता और उन्माद से जुड़ी हिंसा, धार्मिक कट्टता से जुड़े अलगाववाद को भी नकारना और विभिन्न समस्याओं के लोकतांत्रिक समाधानों को प्रतिष्ठित करना जरूरी है। समता और न्याय का मूल उद्देश्य सदा महत्त्वपूर्ण रहा है, और नई गंभीर समस्याओं के आने के बावजूद यह उद्देश्य आज भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है। समानता और न्याय का अर्थ आर्थिक समानता और न्याय से ही नहीं है अपितु जाति, धर्म, नस्ल, रंग और लिंग आधारित सब तरह के भेदभाव को दूर करना व्यापक सामाजिक समता को प्रतिष्ठित करना भी उतना ही जरूरी है। विभिन्न देशों की आंतरिक समानता के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों की समानता भी बहुत जरूरी है ताकि साम्राज्यवादी सोच, इस पर आधारित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष शोषण और अन्याय तथा इससे जुड़ी हिंसा और युद्ध की आशंकाओं पर सदा के लिए रोक लग सके। अत: साम्राज्यवादी ताकतों के हाथ में खेलना या उनसे मिल कर अपने हित साधना बहुत अनुचित है क्योंकि जरूरत तो साम्राज्यवाद का सामना कर इसके प्रतिकूल असर को हटाने या न्यूनतम करने की है। अपने और भावी पीढ़ियों के भविष्य को भयानक पर्यावरणीय विनाश और महाविनाशक हथियारों की क्षति से बचाने के लिए सभी को एकता से अमन-शांति, पर्यावरण रक्षा, समता और न्याय के एजेडे को लेकर तेजी से और हिम्मत से आगे बढ़ना चाहिए।



भाजपा नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अमृतसर के हेरिटेज स्ट्रीट पर बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसे 26 जनवरी को एक व्यक्ति ने कथित तौर पर क्षतिग्रस्त कर दिया था।

# सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन

**वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली**

दिसम्बर 2022 में जोशीमठ में अपने भवनों, सड़कों, खेतों में दिखतीं दरारें, कहीं-कहीं भवनों का तिरछा होता देख तथा पानी के फव्वारे फूटते देख भयंकर जाड़ों में भी दिन-रात भारत-चीन के सीमांत नगर जोशीमठ के निवासी सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन में जुटे थे।

इसरो की वेबसाइट के अनुसार अप्रैल- नवम्बर, 2022 के बीच धंसाव 8-9 सेमी. था जबकि दिसम्बर 27, 2022 से जनवरी 8, 2023 के केवल बारह दिनों में यह 5-4 सेमी. था। उन्हीं दिनों अन्य नगरों और गांवों से भी जोशीमठ जैसी स्थितियों के उपजने की खबरें आने लगी थीं। तब उत्तराखंड सरकार ने जोशीमठ सहित एक दर्जन से ज्यादा नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने की सार्वजनिक घोषणा की थी। पुन: 2024 में चारधाम यात्रा पड़ावों और प्रमुख पर्यटक स्थलों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की एक ही दिन में हजारों की भीड़ पहुंचने तथा वाहनों से जाम जैसी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार ने यात्रा मागरे के पड़ावों और भारी भीड़ से बोझिल नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने का अपना मंतव्य व्यक्त कर दिया था किन्तु ठोस कार्रवाई न तो 2022 में हुई और न ही 2025 तक भी होती दिखी है।

जोशीमठ का परिप्रेक्ष्य जनसंख्या भार और बाहरी आती-जाती भीड़ की बजाय वहां की भूगर्भीय कमजोरियों का है जबकि तीर्थ और पर्यटन स्थलों का मामला भीड़भाड़ का है। जोशीमठ की बसावट एक पुराने भूस्खलन, हिमस्खलन मोरेन हिमोड के ऊपर है। ड्रेनेज पैटर्न की भी समस्या है। हालांकि स्थानीय 'जोशीमठ बचाओ संघर्ष समितिई भूधंसाव और दरारों के लिए एक जल विद्युत परियोजना की कई किमी. की सुरंग और हेलंग बायपास निर्माण को आज भी जिम्मेदार मानती है। निस्संदेह उत्तराखंड के पर्वतीय नगर और गांवों की धारण क्षमता के आकलन की आवश्यकता है परंतु इसके लिए सरकार और आम जन में भी एक समग्र समझ पैदा होना जरूरी है।

धारण क्षमता आकलन प्राथमिक समाधान की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वहनीय क्षमता की लक्ष्मण रेखा को लांघने के जोखिमों के संदर्भ में सचेत होने की प्रक्रिया है। धारण क्षमता जान कर तब फायदा है जब हम उसके प्रति संवेदित हों किन्तु पिछले दो सालों से स्मरण कराया जा रहा है कि दिल्ली से देहरादून का सफर अब सात की जगह दो घंटे का होने वाला है। देहरादून से मसूरी और वहां से होते हुए पर्यटन और तीर्थस्थलों तक पहुंचने में जाम न लगे, पार्किंग में भी दिक्कत न हो, इसके लिए सुरंगें प्रस्तावित हैं। ऋषिकेश से टिहरी बांध झील तक सफर दो घंटे कम हो जाए, इसके लिए भी कई किमी. की सुरंग बनेगी।केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के हवाले से एक समाचार था कि गंगोत्री और यमुनोत्री को जोड़ने वाली उत्तराखंड की सबसे लंबी सुरंग बनाई जानी है। साढ़े चार किमी. लंबी यह राह तीन साल में एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनेगी। सैकड़ों किमी. सुरंग जिन गांवों के नीचे जाएंगी उनसे उन गांवों की धारण क्षमता बढ़ेगी तो नहीं, घटेगी ही। जहां रेलवे सुरंग या जलविद्युत परियोजनाओं की सुरंग गांवों और के नीचे खोदी गई हैं, उन सब के यही अनुभव हैं।

खास बात यह है कि ये प्रस्तावित मेगा निर्माण उन क्षेत्रों के बीच से होने हैं जो राज्य के दशकों से आधिकारिक चिन्हित इको सेंसेटिव जोन हैं। टिहरी बांध जलाशय निर्माण के साथ ही उत्तरकाशी से आगे तक भागीरथी इको सेंसेटिव जोन अधिघोषित हो गया था। इसमें कई पारिस्थितिकीय प्रतिबंध लगाए गए थे। देहरादून-मसूरी का क्षेत्र निर्माण कायरे के संदर्भ में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में ही इको सेंसेटिव क्षेत्र घोषित कर दिया गया था। अब तो हवाई पट्टियों के निर्माण की भी होड़ लगी है। एक साथ अंडे और मांस पाने के लिए मुर्गी को मारने में भी जब कोई गुरेज नहीं तो धारण क्षमता जान कर भी क्या होगा या फिर इसे जाना ही क्यों जा रहा है। ख्याल यह भी रहे कि भीड़ से बदरीनाथ केदारनाथ जैसी जगहों पर कूड़ा प्रबंधन, खुले में शौच रोकना जैसी समस्या भी हो जाती हैं। जोशीमठ जैसे नगरों के भूगर्भीय कारकों को तो बदला नहीं जा सकता। केवल उन कमजोरियों को और कमजोर न करने की दिशा में सचेत रहना होता है। किसी स्थल की धारण क्षमता को केवल इंजीनियरिंग संदर्भ में मृदा परतों पर किसी निर्माण भार की मान्य परिभाषा से इत्तर अभी भी भूगर्भीय हलचल में भूकंपकीय और जलवायु बदलावों के दंशों से निरंतर सहम जाने वाले हिमालयी क्षेत्रीय पारिस्थितिकी परिवेश के संसाधनों पर भार से भी जोड़ कर समझें।जहां मानव के वश के बाहर के इन कारणों के कारण धारण क्षमता के संदर्भ में अंतिम रूप से कभी भी कुछ कहना संभव नहीं होगा। मानव वश के समाधान तो बापू के इस कथन में ही ढूंढें कि पृथ्वी-प्रकृति के पास दुनिया भर के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है किन्तु लालच के लिए नहीं है। उसी तरह हम धारण क्षमता बढ़ा सकते हैं। हम जर्जर होकर भी फिर से उठने की राह पकड़ सकते हैं किन्तु अनुशासित होकर उपभेग को कम से कम करके लालच को कम करके। बहुत जरूरी है कि यदि आपको पहाड़ों में उनकी धारण क्षमता को अपने लिए कम से कम क्षत-विक्षत करके रहना है तो अपनी मानसिक धारण क्षमता भी बढ़ाइए कि पहाड़ प्रकृति के साथ समन्वय में रह सकें। पहाड़ पहाड़ रह कर अपनी आबोहवा से जैव-विविधता से आपको पर्याप्त दे सकते हैं किन्तु उनको मैदान बना कर पाना चाहेंगे तो उसकी वहनीय क्षमता टूट जाएगी क्योंकि तब किसी भी निर्माण कारणों गहराई तक काटना होगा। ऐसे में अस्थिर ढलानों को स्थिर करने का काम न किया जाए तो निर्माण की धारण क्षमता सवालों के घेरे में ही रहेगी। वाहन खड़े करना भी उत्तराखंड में मौत को न्योता देना रहा है।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन एक सुनहरा पल लेकर आएगा। आपके व्यापार में इजाफा होगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा। किसी मित्र से सहयोग मिलने से बेकरी का बिजनेस करने वालों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी, जिससे अधिक लाभ मिलेगा। आज आप शुभ काम की शुरुआत करेंगे। छात्रों को अच्छे रिजल्ट के लिए अपनी मेहनत को जारी रखने की जरूरत है।

वृष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। सामाजिक कार्यों की अपेक्षा अपनी व्यक्तिगत कार्य पर अधिक ध्यान दें क्योंकि आज लिया गया निर्णय निकट भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होने वाला है। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे।

मिथुन राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। अनुभवी व्यक्ति आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज अपने व्यवहार को सहज बनाकर रखें।

कर्क राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप नये वाहन की खरीदारी करेंगे। किसी नयी जगह पर आज घूमने जाएंगे जिससे नये जीवन का एक नया पाठ सीखेंगे। किसी जरूरतमंद की आज आप मदद करेंगे, जिससे आपको आशीर्वाद मिलेगा। घरवालों के साथ पार्टी का विचार बनायेंगे, जिससे खुशी बढ़ेगी। किसी नए काम का नया अनुभव मिलेगा।

सिंह राशि : आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज छात्रों को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। रिश्तों की गरिमा बनाकर रखने से परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

कन्या राशि : आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। आज उपहारों का आदान- प्रदान करना रिश्ते में मधुरता लाएगा। मानसिक सुकून और शांति की चाह में एकांत स्थल पर कुछ समय अवश्य बिताएं। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। करियर में आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपका कॉन्फिडेंस काम को पूरा करने में मदद करेगा।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। आज आप भविष्य को लेकर किसी अनुभवी से विचार विमर्श करेंगे। आज ऑफिस में ज्यादा कार्यभार रहेगा।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी बनी रहेगी। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज गुस्से की बजाय धैर्य से परिस्थितियों को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

धनु राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी काम के प्रति लगन और निष्ठा बढ़ेगी जिससे आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक जीवन में सुख शांति बढ़ेगी और मन प्रसन्न रहेगा। रुकी हुई योजनाएं फिर से चालू हो जायेंगी। कंपनी में अच्छा काम करने से बॉस द्वारा अच्छी रेटिंग मिल सकती है। आज व्यापार में आपको ज्यादा लाभ मिलेगा।

मकर राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप रुके कार्यों को आज पूरा करने में व्यस्त रहेंगे, आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मिलकर अच्छा लगेगा। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। बेवजह की उलझन दूर होगी और पेट संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा।

कुंभ राशि : आज का दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की संभावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लायेगा। आँखों की समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे, जिससे आपको कुछ अच्छा फील होगा। पूरी मेहनत से काम को करेंगे जिससे उसका परिणाम आपके पक्ष में आएगा। विद्यार्थियों का दिन आज व्यस्त रहेगा। आज आपको अधिक क्रोध से बचना होगा, नहीं तो आपको ही परेशानी होगी। दांपत्य जीवन में एक नया खुशी का पल आयेगा, आपको संतान सुख मिलेगा। आपकी बातों से किसी की भावनाओं को ठेस न पहुचें, इस बात का ख्याल रखेंगे।

# मुफ्त की रेवड़ियों से बनती सरकार कितनी लाचार कितनी दमदार..!

**- ऋतुपर्ण दवे**





दरअसल दिल्ली विधानसभा चुनाव, गठन के बाद से ही बेहद अलग, दिलचस्प और इतर राजनीतिक पहचान को लेकर चर्चित रहे हैं। यह सही है कि मौजूदा सरकार के सुप्रीमों केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी करते हैं। ऐसे में इस बार के चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है। लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा।

दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रम्ह प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रम्ह प्रकाश एक्सीडेण्टल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रम्ह प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। बिना तामझाम काम करते और जनसाधारण के बीच रहते। 1955 में कांग्रेस ने गुरमुख निहाल सिंह को मुख्यमंत्री बनाया जो 1956 तक रहे। राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों के चलते साल भर बाद दिल्ली विधानसभा भंग हुई। 1966 में इसकी जगह मेट्रोपोलिटन काउंसिल बनी। इसमें 56 निर्वाचित और पांच मनोनीत सदस्यों का प्रावधान था। लेकिन 1991 में 69वें संविधान संशोधन के जरिए दिल्ली विधानसभा की व्यवस्था हुई और 1992 में परिसीमन और 1993 में चुनाव हुए।1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला। लेकिन 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले गए। खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं।1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ। अप्रेल में 5 दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आन्दोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते-देखते अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नए हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षों से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामियाब रही और अन्ना आन्दोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने। कहते हैं राजनीति शह-मात का खेल है। आप और कांग्रेस की नहीं निभी। आखिर 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीस खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नए सितारे बन गए। भाजपा केवल 3 सीटें तो कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। केजरीवाल भी अपनी तमाम घोषणाओं पर अमल करते रहे। नतीजन 2020 में एक बार आम फिर आदमी पार्टी ने 62 सीटें तो भाजपा 8 से आगे नहीं बढ़ पाई। कांग्रेस शून्य पर ही रही। लुभावनी योजनाओं का असर दिखा। आप को फिर बहुमत मिला और केजरीवाल मुख्यमंत्री बने। इसके बाद विवादों में घिरे, जेल गए और मुख्यमंत्री पद छोड़ा। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भले हैं लेकिन पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल ही हैं।बेहतरीन सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं को मुफ्त बस सुविधा, 200 यूनिट बिजली फ्री, 20 हजार लीटर मुफ्त पानी, बुजुर्गों का मुफ्त तीर्थ दर्शन जैसी अन्य योजनाओं के साथ नई-नई घोषणाएं करते केजरीवाल तो 1998 से 2013 तक के कार्यकाल को दिल्ली का स्वर्णिम काल बता कांग्रेस असली विकास और उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती, आगे तमाम मुफ्त योजनाओं से भी परहेज करते नहीं दिखती। वहीं भाजपा मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की तर्ज पर महिलाओं को हर महीने धनराशि देने, मौजूदा योजनाओं को न केवल जारी रखने बल्कि उसमें बढ़ोत्तरी करने जैसा संकल्प यानी एक से एक लुभावनी घोषणाओं का पिटारा खोल आम आदमी पार्टी को चुनौती देने में कोई कसर छोड़ते नहीं दिखती। मुफ्त की रेवड़ियों, लोक-लुभावन घोषणाओं के बीच दिल्ली का प्रदूषण, यमुना की गंदगी, बदहाल सड़कें, बरसात में डूबते पुल-पुलिया, पीने के पानी की किल्लत, बढ़ते अपराध और इन सबसे ऊपर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा जैसे अहम मुद्दे काफी पीछे छूट गए हैं। काश! एक करोड़ की आबादी खातिर मौजूदा संसाधनों वाली दिल्ली में तीन करोड़ लोग कैसे रहते हैं को देखने, सुनने वाले जैसे आम आदमी के मुद्दों की भी बात होती! लेकिन फिलाहाल माल-ए-मुफ्त, दिल-ए-बेरहम की तर्ज पर मतदाताओं को लुभाने में कोई पीछे नहीं दिखता।



# पूर्वी भारत देश का विकास इंजन है और ओडिशा इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है : पीएम मोदी



भुवनेश्वर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्कर्ष ओडिशा कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में आए लोगों को भारत की उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा,मुझे बताया गया है कि यह ओडिशा के इतिहास में सबसे बड़ा निवेशक शिखर सम्मेलन है - 5 से 6 गुना अधिक निवेशक इसमें भाग ले रहे हैं। मैं इसके लिए ओडिशा सरकार को बधाई देता हूं। मेरा मानना है कि पूर्वी भारत देश का विकास इंजन है और ओडिशा इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब भारत का वैश्विक विकास में बहुत बड़ा योगदान था, तो भारत के पूर्वी हिस्से दक्षिण पूर्व एशिया के साथ व्यापार का मुख्य केंद्र हुआ करते थे। पीएम मोदी ने कहा,2025 की शुरुआत में जनवरी में ओडिशा की यह मेरी दूसरी यात्रा है। कुछ दिन पहले, मैं प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम का हिस्सा था, और आज मैं यहां उत्कर्ष ओडिशा कॉन्क्लेव में हूं। मैं ओडिशा के लोगों को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा,जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के दौरे पर थे, तो उन्होंने कहा कि ओडिशा उनके डीएनए में है। ओडिशा के पास एक विरासत है, जो इसे दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ती है। इस सदी में ओडिशा फिर से उस विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा,ओडिशा में हमारी सरकार लगातार नई-नई संभावनाओं को विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। यहां हमारी हजारों करोड़ों रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं। हमारी सरकार ओडिशा को उद्योगों का हब बनाने की कोशिश कर रही है। ओडिशा ब्लू इकोनॉमी के नाम पर भी देश के शीर्ष राज्यों में शामिल होने जा रहा है। हम भारत में एक ऐसी सप्लाई चेन बनाएंगे जिससे विश्व में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर न पड़े। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में कोई भी इंडस्ट्री अत्यधिक तकनीक के बिना आगे नहीं बढ़ सकती है। हमारी सरकार अर्थव्यवस्था की गति को आगे बढ़ाने में लगी हुई है। हम लगातार एक ऐसी दिशा में काम कर रहे हैं, जिससे हमारे उद्योगों को फायदा पहुंचे। हमें पूरा विश्वास है कि ओडिशा समृद्ध होगा। इस दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। यहां हजारों वर्षों से हमारी संस्कृति पाई जाती है। यह राज्य विकास और विरासत का अद्भुत मॉडल है। इस भाव के साथ ही हम लोगों ने जी-20 में कई तथ्यों को प्रस्तुत करने का प्रयास किया। उत्कर्ष ओडिशा में हमें पर्यटन उद्योग से जुड़े तथ्यों को प्रस्तुत करना है। हमें इको-टूरिज्म को विस्तृत करना है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा,आज के समय में अनुसंधान और नवाचार की आवश्यकता है। सरकार अनुसंधान के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए काम कर रही है और इसके लिए एक विशेष फंड भी तैयार किया गया है। उद्योगों को आगे आना चाहिए और सरकार के साथ काम करना चाहिए, यह सभी की अपेक्षा है। उन्होंने कहा,आज की तारीख में बड़े-बड़े निवेशक और कलाकार भारत की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। आप सभी दुनिया भर में यात्रा करते हैं और दुनिया भर के लोगों से मिलते हैं। आज, भारत को समझने की जिज्ञासा बढ़ रही है, जिसे आप हर जगह अनुभव करते हैं। भारत को समझने के लिए ओडिशा एक आदर्श स्थान है।




**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मंगोलपुरी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में शामिल हुए।**

## दर्दनाक हादसा : बर्थडे मनाकर घर लौट रहे दोस्तों की बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर, 4 की मौके पर मौत

देवरिया ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के देवरिया में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में 4 दोस्तों की मौत हो गई। सभी दोस्त का बर्थडे मनाकर बाइक से घर जा रहे थे। महुआडीह थाना क्षेत्र के हेतिमपुर हाइवे के समीप यादव होटल के पास युवकों को ट्रक ने रौंद दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। Truck hits bike of friends who were going home after celebrating birthday, y killed : देवरिया जिले के नारायणपुर गांव के रहने वाले 22 वर्षीय अंकित गौड़ पुत्र नारायण गौड़ अपने दोस्त कुशीनगर जनपद के हाटा कोतवाली क्षेत्र के शाहबाजपुर के रहने वाले 20 वर्षीय पिंटू गोड़ पुत्र रणजीत गौड़, कसया थाना क्षेत्र के भैसहा खास के रहने वाले 22 वर्षीय अतुल सिंह पुत्र विनोद सिंह और हाटा कोतवाली क्षेत्र के मुंडेरा उपाध्याय के रहने वाले 22 वर्षीय नितेश सिंह पुत्र नंदलाल सिंह के साथ सोमवार की देर शाम को जन्मदिन मनाने देवरिया मुख्यालय आए थे।

## यूपी के रायबरेली में सड़क हादसा, तीन लोगों की मौत

रायबरेली(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर और बोलेरो के बीच हुई जोरदार टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जिसमें चालक भी शामिल है।

मामला भदोखर थाना क्षेत्र के मुंशीगंज बाईपास स्थित कान्हा होटल के पास का है। बताया जा रहा है कि बोलेरो सवार सभी लोग संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान करके लखनऊ वापस लौट रहे थे। तभी उसकी तेज रफ्तार ट्रैक्टर से आमने-सामने की टक्कर हो गई।

इस हादसे में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए रायबरेली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जिला अस्पताल में तैनात ईएमओ अतुल पांडेय ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि सभी लोग तेलीबाग के रहने वाले हैं। हादसे के बाद तीन लोगों को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इसके अलावा तीन लोगों को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पता चला है कि हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को छोड़कर मौके से फरार हो गया। साथ ही पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भगवान आदिनाथ के निर्वाण महोत्सव पर बड़ा हादसा, मंच ढहने से अब तक 7 श्रद्धालुओं की मौत; 70 से अधिक घायल

बागपत (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बागपत में मंगलवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर मानस्तम्भ परिसर में बना लकड़ी से बना मचान ढह गया। इस हादसे में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 75 लोग घायल हो गए। यह हादसा बड़ौत शहर कोतवाली क्षेत्र के गांधी रोड पर मंगलवार सुबह हुआ। मानस्तम्भ परिसर में बल्ली से बना मचान अचानक ढह गया, इस दौरान कई लोग उसके नीचे दब गए। इतना ही नहीं, घटना के बाद मौके पर भगदड़ भी मच गई।

वहीं, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में करीब 6-7 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। घायलों की संख्या बढ़ सकती है, सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही डीएम अस्मिता लाल और एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना है।बागपत के एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया,बड़ौत थाना क्षेत्र में एक धार्मिक कार्यक्रम चल रहा था। जैन समुदाय द्वारा मंदिर में लड्डू चढ़ाने का कार्यक्रम था। कुछ लोग बल्ली से बने मचान पर चढ़े हुए थे, तभी वह टूटकर गिर गया और 25 लोग घायल हुए थे, जिनमें से कुछ लोगों को सामान्य चोटें आई हैं।

# महाकुंभ में अमित शाह ने अपने पोते को संतों से दिलवाया आशीर्वाद



प्रयागराज (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में संगम स्नान किया। इस पावन अवसर पर उनके साथ पूरा परिवार भी मौजूद रहा। स्नान के दौरान, अमित शाह ने अपने पोते को संतों से आशीर्वाद दिलाते हुए देखा गया। यह महाकुंभ में अमित शाह का दूसरा अवसर था जब वे अपने पोते के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिए। इस अवसर पर उपस्थित धार्मिक नेताओं और श्रद्धालुओं ने अमित शाह के परिवार के साथ इस पवित्र अनुष्ठान में भाग लेने पर उनकी सराहना की।

अमित शाह ने पहले भी कहा था कि उन्होंने अब तक नौ बार कुंभ में डुबकी लगाई है, और इस बार यह उनकी 10वीं डुबकी थी। इस दौरान उनके साथ सीएम योगी, जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि और योग गुरु बाबा रामदेव ने भी संगम में स्नान किया।इसके पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सेल्फी पॉइंट अरैल घाट पहुंचे। वह कुछ ही देर संतों के साथ बैठे फिर पवित्र स्नान किया। अमित शाह के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केपी मौर्य और ब्रजेश पाठक और अन्य लोग मौजूद थे। अमित शाह के बेटे जय शाह परिवार के साथ पहुंचे हैं। सभी संगम में डुबकी लगाएंगे। अमित शाह संतों के साथ भोजन करेंगे।ज्ञात हो कि दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ में भाग लेने के लिए त्रिवेणी संगम पर श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है। उत्तर प्रदेश सूचना विभाग के अनुसार, 26 जनवरी 2025 तक 13.21 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। यह आंकड़ा लगातार तेजी से बढ़ता जा रहा है।एकता के महाकुंभ के साथ ही महाकुंभ ने दिया वसुधैव कुटुंबकम का संदेश। कई देशों, हर राज्य और हर जाति के लोगों ने एक साथ संगम में डुबकी लगाई है। महाकुंभ 2025 भीड़ नियंत्रण प्रबंधन का बेहतरीन उदाहरण बना है। सड़क, रेल और हवाई मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

## युवक के पेट से निकले 10 लोहे के रिंच और नट, डॉक्टरों के भी उड़े होश

अम्बेडकरनगर(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के अम्बेडकरनगर में जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने एक युवक के पेट से 10 लोहे के रिंच और नट निकालकर सभी को चौंका दिया है। यह ऑपरेशन अपने आप में एक अनोखा मामला है और जिसने भी इसके बारे में सुना, वह हैरान रह गया। कोलकाता का रहने वाला युवक पिछले कई सालों से अम्बेडकरनगर के इल्फातगंज बाजार में अपनी बहन के घर पर रह रहा था। उसे पेट में दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अस्पताल के डॉक्टर विपिन वर्मा ने बताया कि युवक के एक्स-रे और सिटी स्कैन में पेट में कुछ धातु जैसी चीजें दिखाई दीं। जिसके बाद डॉक्टरों ने सोमवार को ऑपरेशन करने का फैसला किया। ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने युवक के पेट से 10 लोहे के रिंच और नट निकाले। डॉक्टरों के लिए यह देखकर हैरानी का ठिकाना नहीं रहा कि आखिर युवक ने इतने बड़े-बड़े लोहे के औजार कैसे निगल लिए।

डॉक्टर विपिन वर्मा ने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत अब ठीक है। उन्होंने बताया कि संभवत: युवक को साइकोलॉजिकल बीमारी के कारण ऐसी आदत हो गई थी, जिसके चलते वह लोहे की चीजें खाने लगा था। इस तरह की बीमारी में मरीज अक्सर मिट्टी, प्लास्टिक या अपने शरीर के बाल भी खाने लगते हैं।



**केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने बागपत जिले के बड़ौत में जैन निर्वाण महोत्सव के दौरान हुए दुखद हादसे के स्थल का निरीक्षण किया.**

## दिल्ली चुनाव से ठीक पहले जेल से बाहर आया राम रहीम, अब 30 दिनों की मिली पैरोल



सिरसा (आरएनएस)। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को दिल्ली चुनावों से पहले एक बार फिर पैरोल मिली है। राम रहीम (Ram Rahim) को 30 दिन की पैरोल (Parole) मिली है। जानकारी के मुताबिक गुरमीत सिंह पैरोल मिलने के बाद राम रहीम (Ram Rahim) सिरसा के डेरा में पहुंचा है। राम रहीम मंगलवार को रोहतक की सुनारिया जेल से सात वाहनों के काफिले से निकला ओर सिरसा डेरे में 8.40 मिनिट पर पहुंचा। डेरे में आकर सीधा वह अपनी गुफा में चला गया। राम रहीम साध्वी यौन शोषण मामले से सजा मिलने के बाद पहली बार सिरसा डेरे में आया है।

इससे पहले राम रहीम को पिछले साल अक्टूबर में पैरोल मिली थी। अक्टूबर में पैरोल मिलने के बाद राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत के बरनावा आश्रम गया था। इस दौरान उसको 20 दिन की सशर्त जमानत मिली थी। हरियाणा चुनाव आयोग को इमरजेंसी पैरोल के लिए अर्जी दी थी, जिसे मंजूर कर लिया गया था।

साल 2017 में सजा होने के बाद से अब तक राम रहीम सिरसा डेरे में नहीं जा सका है। सूत्रों के मुताबिक, लेकिन अब वह सिरसा स्थित डेरा मुख्यालय जाएगा। राम रहीम को साल 2017 से अब तक 12 बार पैरोल और फरलो मिल चुकी है, इसे लेकर कई बार राज्य सरकारों पर भी सवाल उठ चुके हैं। अब एक बार फिर से वह जेल से बाहर आ गया है.

# प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं से मनमाने दाम वसूल रही हैं विमान कंपनियां : राघव चड्ढा

नई दिल्ली(आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए फ्लाइट किराए कम करने की सरकार से अपील करते हुए ये सवाल उठाया है कि जिन फ्लाइट में आम दिनों में टिकट 5 से 6 हजार का होता था, वह 50 से 60 हजार का मिल रहा है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि इस किराए पर कैंपिंग लगाई जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु महाकुंभ में पहुंचकर अपनी भागीदारी दर्ज कर सकें। उन्होंने कहा कि सनातन धर्मियों के लिए महाकुंभ आस्था और अध्यात्म का सबसे बड़ा पर्व है। आज जब 144 वर्षों के बाद प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है, तब देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लाखों करोड़ों लोग स्नान, साधना और तपस्या करने के लिए प्रयागराज जाना चाहते हैं।उन्होंने आगे कहा,मगर हैरानी की बात यह है कि आस्था और पवित्रता के महापर्व को एयरलाइंस ने, यानी की फ्लाइट कंपनियों ने, अपनी मनमानी कमाई के अवसर में तब्दील कर दिया है। सामान्य दिनों में प्रयागराज की फ्लाइट का खर्च 5 से 8 हजार हुआ करता था। आज वही फ्लाइट आपको 50 से 60 हजार रुपए तक की खरीदनी पड़ रही है। यानी की फ्लाइट कंपनियां श्रद्धालुओं से मनमाने रेट वसूल रही हैं। ऐसे में लाखों श्रद्धालु जो महाकुंभ जाना चाहते थे, आज उन्हें निराश होना पड़ रहा है। यह कंपनियां फायदे के चक्कर में ठीक नहीं कर रही हैं।राघव चड्ढा ने कहा कि मेरी सभी श्रद्धालुओं की ओर से सरकार से यह मांग है और मैं निवेदन करता हूं कि सरकार इन एयरलाइंस की मनमानी पर रोक लगाए, कार्रवाई करें और कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए किफायती फ्लाइट की सुविधा उपलब्ध करवाए। फ्लाइट की प्राइसिंग में कैंपिंग इंट्रोड्यूस करें। श्रद्धालुओं की सेवा से बड़ा धर्म कुछ नहीं हो सकता है।उन्होंने कहा कि पहले जब सदन में हमने एयरपोर्ट पर मिल रहे महंगे खाने का मुद्दा उठाया



था, तब सरकार के कानों तक हमारी बात पहुंची और यात्रियों के लिए किफायती कैंटीन सस्ते दाम पर मिलने वाली उड़ान कैंटीन की व्यवस्था शुरू की गई। इसलिए आज भी मैं उम्मीद करता हूं कि हमारी यह विनती सरकार तक पहुंचेगी और महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं को सस्ती फ्लाइट्स की सुविधा एयरलाइंस द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।


## चाइनीज मांझा बेचने वाले दो लोग गिरफ्तार

रायपुर, (आरएनएस)। पुलिस ने टिकरापारा थाना क्षेत्र के पचपेढ़ी नाका इलाके में सात वर्षीय एक बालक पुष्कर साहू पिता फुलेश साहू की चायनीज नायलोन मांझे में फंसकर गला कटने से हुई मौत के बाद चार और मांझा विक्रेताओं के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के तहत जुर्म दर्ज किया है. तेलीबांधा व टिकरापारा पुलिस ने दो-दो प्रकरण दर्ज किए हैं. पुलिस द्वारा भले ही एक ही कानून के तहत मामले दर्ज किए जा रहे हैं लेकिन कार्रवाई अलग-अलग किए जाने की शिकायत मिली है. तेलीबांधा पुलिस ने जहां दोनों आरोपियों को शपथपत्र लेकर जमानत दे दी है, लेकिन टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है.एफआईआर से पहले जारी किया गया नोटिस पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को धारा 35 (5) बीएनएसएस का नोटिस दिया गया. तब आरोपियों ने शपथ पत्र प्रस्तुत कर विवेचना में सहयोग करने एवं निर्देशों का पालन करने की बात कही. इस स्थिति में दोनों को मौके पर रिहा किया गया. इधर टिकरापारा पुलिस ने मोहम्मद शमशेर को एकरा काईट्स शिव नगर में प्रतिबंधित मांझे बेचते पकड़ा. उसके कब्जे से एक बड़ी चकरी में लिपटा मांझा जब्त किया गया है।

## बेटी राशा संग द्वारका पहुंचीं रवीना टंडन, नागेश्वर महादेव-रुक्मिणी देवी के किए दर्शन

मुंबई (आरएनएस)। अभिनेत्री रवीना टंडन अपनी बेटी राशा थडानी के साथ द्वारका पहुंचीं, जहां उन्होंने रुक्मिणी मंदिर में दर्शन किए। इससे पहले अभिनेत्री नागेश्वर महादेव मंदिर के साथ ही द्वारका जगत मंदिर पहुंची और ठाकुरजी के दर्शन किए।कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच रवीना टंडन द्वारकाधीश मंदिर परिसर पहुंचीं, जहां, उन्होंने पादुका पूजन की। द्वारकाधीश मंदिर में मुख्य पुजारी ने अभिनेत्री का स्वागत किया और उन्हें आशीर्वाद दिया। अभिनेत्री के साथ उनकी बेटी राशा भी नजर आईं।रवीना अक्सर मंदिर जाती हैं। हाल ही में वह शिरडी में साईं बाबा मंदिर दर्शन करने पहुंची थीं। इस दौरान अभिनेत्री ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात भी की थी। उन्होंने बताया था कि वह साईं बाबा को मानती हैं और बचपन से मंदिर दर्शन के लिए आती रही हैं। अभिनेत्री ने बताया था कि उन्हें साईं बाबा में अपने दिवंगत पिता की झलक दिखती है।साईं मंदिर से पहले अभिनेत्री बेटी राशा के साथ आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम स्थित मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग पहुंची थी, जहां उन्होंने महादेव का आशीर्वाद लिया था। रवीना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर प्रशंसकों को जानकारी दी थी।अभिनेत्री रवीना टंडन ने तस्वीरों और वीडियो को साझा कर बताया था कि यह उनका 11वां ज्योतिर्लिंग और राशा का 10वां ज्योतिर्लिंग दर्शन है। तस्वीरों में मां-बेटी की जोड़ी पुलिस अधिकारियों के साथ पोज देती नजर आई थी।पोस्ट के साथ एक नोट शेयर करते हुए रवीना ने बताया था कि यह उनका 11वां ज्योतिर्लिंग और राशा का 10वां है। रवीना ने यह यात्रा अपने दिवंगत पिता की जयंती और महाशिवरात्रि पर 17 फरवरी 2023 से शुरू की थी। उन्होंने काशी में पवित्र गंगा में पिता की अस्थियों को विसर्जित कर उन्हें विदाई दी और 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन पूरे कर रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वह फरवरी में महाशिवरात्रि पर काशी जाएंगी।

# बनारसी साड़ी पहन मृणाल ठाकुर ने दिखाई दिलकश अदाएं, एक्ट्रेस की शोख अदाओं पर दिल हार गए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक में फोटोशूट की बेहद ही ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोशूट की गई तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने पर्पल कलर की फ्लोरल लुक में साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं।कानों में इयररिंग्स, हाथों में कंगन, माथे पर बिंदी, बालों का जुड़ा बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- आप कितनी सुंदर हैं। तीसरे यूजर ने लिखा है- बोल्ड एंड ब्यूटिफुल।

### औरंगजेब बन दहशत फैलाने आए बॉबी देओल, हरि हर वीरा मल्लू से अभिनेता का दमदार लुक जारी

पवन कल्याण अभिनीत हरि हर वीरा मल्लू के निर्माताओं ने बॉबी देओल के 56वें जन्मदिन के खास मौके पर उनका एक स्पेशल बर्थडे पोस्टर जारी किया। इस फिल्म में बॉबी देओल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। आखिरकार अभिनेता के इस खास दिन पर उनकी पहली झलक जारी कर दी गई है, जिसमें बॉबी दमदार लुक में नजर आ रही हैं।

हरि हर वीरा मल्लू से जारी किए गए पोस्टर में बॉबी देओल एक सम्राट के रूप में एक गहन और शाही लुक में दिखाई दे रहे हैं, जिससे प्रशंसकों को पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित पीरियड ड्रामा में उनकी भूमिका की एक झलक मिल रही है। एक्स पर पोस्टर साझा करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, अतुलनीय, मैग्नेटिक स्क्रीन उपस्थिति वाले व्यक्ति बॉबी देओल को टीम हरि हर वीरा मल्लू की ओर से जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।पोस्टर में बॉबी देओल को काले रंग की आकर्षक पोशाक में तलवार पकड़े हुए दिखाया गया है, जो उनके किरदार की भयावहता को बखूबी दर्शाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह फिल्म में मुगल बादशाह औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं। बॉबी देओल ने हाल ही में डाकू महाराज के जरिए अपना तेलुगु डेब्यू किया, जहां उन्होंने नंदामुरी बालकृष्ण, उर्वशी रौतेला और प्रज्ञा जायसवाल के साथ अभिनय किया। बॉबी कोली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में देओल ने दमदार भूमिका निभाई।

# अर्शी भारती की अदाओं ने जीते दिल, 90 सेकेंड की प्रेम कहानियों का डिजिटल की दुनिया में नया धमाका



अभिनेत्री अर्शी भारती इन दिनों ओटीटी की नई सेंसेशन हैं। इसकी वजह है ओटीटी का वह प्रयोग जिसमें एफएम चैनलों की तरह कहानी को 90 सेकंड में कहने का जोर पकड़ रहा है। अर्शी भारती ने जब से अपने सोशल मीडिया पर अपनी डेब्यू सीरीज 'दिल तू जान तू' का ट्रेलर साझा किया है, इस नए विचार की पूरे मुंबई मनोरंजन जगत में चर्चाएं हो रही हैं। वर्टिकल फॉर्मेट में बनी इस सीरीज से ही अर्शी का ओटीटी डेब्यू हो रहा है।

छोटे परदे पर अर्शी भारती खूब कमाल दिखा चुकी हैं। व्हिसलिंग वूड्स इंटरनेशनल से निकलने के बाद अर्शी ने किशोर नमित कपूर के यहां से भी एक्टिंग का डिप्लोमा कोर्स किया और अपने पहले ही मौके में वह दर्शकों को आकर्षित करने में कामयाब रहीं। अर्शी को पहला मौका निर्देशक आशुतोष गोवारिकर की फिल्म 'पानीपत' में कैमरे के सामने पहला ब्रेक मिला। इस फिल्म में वह कृति सैनन की सखी बनी हैं। और, इसके बाद जब वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दिखीं तो लोग बस उन्हें देखते ही रह गए।

अर्शी बताती हैं, 'मैंने सोनी टीवी का शो 'बरसातें प्यार का' किया तो मेरे पास बहुत सारे फोन आए। इसमें मैंने शिवांगी जोशी की दोस्त का किरदार निभाया है। अभिनय और किरदार का रोमांच मुझे एक और स्तर ऊपर ले गया स्टार प्लस के शो 'रब राखा' में जिसमें मुझे एक को पायलट का किरदार करने का मौका मिला।' अर्शी आवाज की दुनिया में भी अच्छी पहचान बना रही है और उनकी आवाज कई ओटीटी सीरीज और फिल्मों में बतौर वॉयस आर्टिस्ट सुनाई देने लगी है।

वेब सीरीज 'दिल तू जान तू' का जिक्र चलने पर वह बताती हैं, 'ये मेरी पहली ओटीटी सीरीज है। मान सकते हैं कि ये मेरा ओटीटी डेब्यू है। लेकिन, उससे भी बड़ी बात ये है कि ये देश में ओटीटी पर वर्टिकल सीरीज और सिर्फ डेढ़ मिनट यानी 90 सेकेंड में कहानी कहने की परंपरा को मजबूती दे रही है। इसके पहले नौ एपिसोड ओटीटी रीलीज पर जारी हो चुके हैं, अगले नौ एपिसोड अगले हफ्ते रिलीज होने वाले हैं।'

आमतौर पर ओटीटी पर दिखने वाली कहानियां क्षैतिजाकार (हॉरिजॉन्टल) तरीके से शूट की जाती है यानी कि वीडियो देखने के लिए मोबाइल को घुमाकर पकड़ना होता है। पर अब अमेरिका में कुछ ऐसे ओटीटी की खूब धूम मची है जिनमें वीडियो उर्ध्वाकार (वर्टिकल) तरीके से शूट किए जा रहे हैं। रीलीज ओटीटी की पहचान इन्हीं वर्टिकल वीडियो सीरीज के चलते बनती दिख रही है। इसमें एपिसोड भी छोटे छोटे रखे जा रहे हैं।

# विजय की आखिरी फिल्म थलापति 69 का टाइटल और फर्स्ट लुक रिवील, जनता के जन नायक बने तमिल सुपरस्टार

फिल्मों से पॉलिटिक्स में जाने वाले तमिल सुपरस्टार थलापति विजय की आखिरी फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. जब से फिल्म का अनाउंसमेंट हुआ तब से दर्शक इसके टाइटल, फिल्म से विजय के फर्स्ट लुक और हर एक अपडेट का इंतजार कर रहे हैं. विजय की आखिरी फिल्म थलापति 69 है जिसके टाइटल के लिए मेकर्स ने 26 जनवरी का दिन चुना था और वादे के मुताबिक रिपब्लिक डे पर मेकर्स ने फिल्म का टाइटल और विजय का फर्स्ट लुक रिवील कर दिया है.



केवीएन प्रोडक्शन ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर विजय की आखिरी फिल्म का पोस्टर रिलीज किया और इसके साथ ही इसका टाइटल भी अनाउंस कर दिया है. इसका टाइटल है- जन नायगन. पोस्टर रिलीज करते हुए मेकर्स ने लिखा, हम उन्हें जन नायगन बुला सकते हैं, थलापति 69 का फर्स्ट लुक. बता दें एक दिन पहले ही मेकर्स ने विजय की सभी फिल्मों का एक शानदार वीडियो बनाते हुए अनाउंस किया था कि 26 जनवरी को विजय की अपकमिंग फिल्म का टाइटल रिवील कर दिया जाएगा.जन नायगन साउथ स्टार विजय की आखिरी फिल्म है. टाइटल और फर्स्ट लुक से साफ पता चला रहा है कि यह फिल्म पॉलिटिक्स से जुड़ी होगा क्योंकि पहले रिलीज किए गए पोस्टर पर लिखा है- द टॉर्च बियरर ऑफ डेमोक्रेसी. बता दें इस फिल्म के बाद विजय फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कहकर अपने पॉलिटिकल करियर पर ध्यान देंगे. उनकी पॉलिटिकल पार्टी का नाम है- तमिलगा वैत्री कझगम. विजय ने अपनी पहली राजनीतिक रैली में फिल्म इंडस्ट्री छोड़ने की खबरों पर कहा है, मैं अपना हिट करियर और मोटी कमाई वाली सैलरी को छोड़ आपके पास आया हूं, जनता की सेवा करने आया हूं.थलापति विजय की यह फिल्म अक्टूबर 2025 में रिलीज होगी. रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म के लिए सुपरस्टार ने अब तक की सबसे ज्यादा 275 करोड़ रुपये फीस ली है. वर्कफ्रंट की बात करें तो विजय की पिछली फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम थी जो कि बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही. इसे वेंकट प्रभु ने निर्देशित किया था.

## नानी की हिट 3 का नया पोस्टर हुआ रिलीज, तिरंगे को सलामी देते दिखे अभिनेता




नेचुरल स्टार नानी अभिनीत और डॉ. सैलेश कोलानू द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित क्राइम थ्रिलर हिट: द थर्ड केस ने गणतंत्र दिवस विशेष पोस्टर जारी किया है। नानी के यूनिनस प्रोडक्शंस के साथ साझेदारी में वॉल पोस्टर सिनेमा के बैनर तले प्रशांति टिपिरनेनी द्वारा निर्मित, फिल्म की शूटिंग आगे बढ़ रही है। पोस्टर में नानी हाथ में बंदूक लिए खड़े हैं और भारतीय ध्वज को सलामी दे रहे हैं और उनके दोनों ओर सेना के जवान हैं, जो फिल्म में मनोरंजक एक्शन और देशभक्ति के विषयों का संकेत देते हैं। पोस्टर गणतंत्र दिवस की भावना के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि के रूप में कार्य करता है और प्रशंसक नानी को इस तीव्र अवतार में देखने के लिए उत्साहित हैं। फिल्म में नानी के साथ मुख्य भूमिका में श्रीनिधि शेट्टी भी हैं प्रोडक्शन डिज़ाइन श्री नागेंद्र तंगला द्वारा संभाला गया है, जबकि साउंड मिक्स सुरेन जी द्वारा किया गया है। हिट: द थर्ड केस 1 मई को रिलीज़ के लिए तैयार हो रही है, और प्रशंसक नानी को एक्शन में देखने के लिए बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। अपनी मनोरंजक कहानी, तीव्र एक्शन दृश्यों और देशभक्ति विषयों के साथ, हिट: द थर्ड केस के एक बड़ी हिट होने की उम्मीद है।


# रवि तेजा फैंस को मिला बड़ा तोहफा, फिल्म मास जतारा का टीजर जारी



साउथ अभिनेता रवि तेजा के जन्मदिन के मौके पर उनकी आगामी फिल्म मास जतारा का दमदार टीजर जारी हो गया है, जिसमें अभिनेता पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं।

वे अपनी आगामी फिल्म मास जतारा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अब अभिनेता के जन्मदिन के खास मौके पर फिल्म के निर्माताओं ने मास जतारा का दमदार टीजर जारी किया है, जिसमें रवि तेजा की झलक भी देखने को मिली। फिल्म की पहली झलक में रवि तेजा पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं। टीजर में रवि तेजा को दमदार अंदाज में दिखाया गया है। उन्हें गुंडों से लड़ते हुए जबरदस्त एक्शन सीन्स करते नजर आए। मास जतारा की पहली झलक साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, स्वैग। ऊर्जा। वाइब। मास महाराज रवि तेजा एक ऑल राउंड शो देने के लिए यहां हैं। मास जतारा- मास रैम्पेज की झलक अब सामने आई है।मास जतारा में कॉमेडी का तड़का लगाया जाएगा।

मास जतारा के जरिए निर्देशन की दुनिया में भानु भोगवरपु ने कदम रखा है, जिन्होंने रवि तेजा को हास्यपूर्ण और मनोरंजक अवतार में प्रभावशाली ढंग से पेश किया है। श्रीलीला ने फिल्म में मुख्य महिला की भूमिका निभाई है, हालांकि वह टीजर में नहीं दिखाई गई हैं। इस प्रोजेक्ट का निर्माण नागा वामसी और त्रिविक्रम श्रीनिवास के नेतृत्व में सीथारा एंटरटेनमेंट द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।




# स्काई फोर्स ने 3 दिनों में 90 करोड़ से ज्यादा की कमाई, सूर्यवंशी को पछाड़ा, बॉक्स ऑफिस पर छाए अक्षय कुमार

अक्षय कुमार और वीर पहारिया की एक्शन ड्रामा स्काई फोर्स ने अपने शुरुआती वीकेंड में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की. ओपनिंग डे के बाद भारत के पहले और सबसे घातक हवाई हमले की अनकही कहानी के रूप में प्रचारित इस फिल्म के कलेक्शन में उछाल देखी गई. गणतंत्र दिवस के वेकेशन का लाभ उठाते हुए अपने पहले तीन दिनों में स्काई फोर्स ने 90 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. साथ ही, अक्षय कुमार ने सूर्यवंशी को पछाड़ अपना बेस्ट वीकेंड कलेक्शन की लिस्ट में इसे शामिल कर लिया है.मेकर्स के अनुसार, स्काई फोर्स ने बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले 2 दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया. पहले दिन अक्षय कुमार की फिल्म ने 15.30 करोड़ रुपये के साथ ओपनिंग की है. वहीं, दूसरे दिन फिल्म के कलेक्शन लगभग डेढ़ गुना उछाल देखा गया. पहले शनिवार को स्काई फोर्स ने 26.30 करोड़ रुपये कमाए. दो दिनों में स्काई फोर्स ने 42 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है।

# किसी के गुदगुदी करने पर अपनी हंसी क्यों नहीं रोक पाते हैं हम? जानें रोचक फैक्ट्स



गुदगुदी जिसका नाम सुनकर या पढ़कर सिर्फ हंसता हुआ चेहरा ही ध्यान आता है. क्या आपने कभी ये सोचा है कि जब हमें कोई गुदगुदी करता है तो हम अपनी हंसी क्यों नहीं रोक पाते हैं? किसी-किसी को तो इतनी गुदगुदी होती है कि जरा सा हाथ लगाने पर ही वह हंसने लगता है.वहीं किसी का हाल तो ऐसा होता है कि दूर से ही कोई इशारा कर दे तो भी चेहरे पर मुस्कान आ जाती है.लेकिन अगर हम खुद से अपने आप को गुदगुदी करें तो हमें कुछ भी महसूस नहीं होता है. वैज्ञानिकों ने इसके कारणों का पता लगाया है. आइए जानते हैं इसके बारे में।

किसी के छूने से क्यों होती है गुदगुदी?

वैज्ञानिकों के अनुसार गुदगुदी दो तरह की होती है. एक निसमेसिस और दूसरी गार्गालेसिस. गुदगुदी का संबंध हमारी स्किन और टचिंग से होता है. हमारे शरीर की सबसे बाहरी परत को एपिडर्मिस कहते हैं. इसमें कई नसें जुड़ी होती हैं. जब स्किन को कोई छूता है तो दिमाग में दो संदेश जाते हैं एक टचिंग और दूसरा आनंद. निसमेसिस में जब कोई स्किन को हल्के से छूता है तो ये संदेश कोशिकाएं मस्तिष्क को भेजती हैं और हमें हंसी आने लगती है. वहीं गार्गालेसिस में पेट या गले को छूने पर हंसी आती है।

**गुदगुदी होने पर सिर्फ हंसी ही क्यों आती है?**

अब इस सवाल का जवाब भी जान लेते हैं. गुदगुदी का असर हमारे माइंड के साथ नर्वस सिस्टम पर भी पड़ता है. जब कोई हमारी स्किन को हल्के हाथ से छूता है, तो नर्वस सिस्टम को सिग्नल मिलते हैं और हमें हंसी आने लगती है।

# नाक की एलर्जी का किन लोगों को सबसे ज्यादा रहता खतरा? लक्षण दिखते ही हो जाएं सावधान

बदलते मौसम में कई लोगों को अस्थमा, सीओपीडी और ब्रोंकाइटिस जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. दिन में धूप और रात में ठंड होने से कई लोगों को जुकाम-खांसी हो जाती है. वहीं कई लोग नाक की एलर्जी से परेशान रहते हैं. इन्हें बार-बार छींक आना और साइनस जैसी परेशानी होने लगती हैं. आमतौर पर माना जाता है कि यह एलर्जी किसी को भी हो सकती है, लेकिन ऐसा नहीं है. कुछ लोगों को ये दिक्कत ज्यादा होती है. नाक की एलर्जी का किन लोगों को सबसे ज्यादा खतरा रहता है? आइए जानते हैं इसके बारे में।

## नाक की एलर्जी का रिस्क किसको ज्यादा?

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार हर व्यक्ति के शरीर में माइक्रोबायोम होता है. जिन लोगों में ये बिगड़ जाता है तो इससे नाक की एलर्जी होने का रिस्क ज्यादा होता है. माइक्रोबायोम और एलर्जी का संबंध यह है कि शरीर में माइक्रोबायोम का असंतुलन होने से माइक्रोबायोम में अच्छे और बुरे बैक्टीरिया का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है और इंफेक्शन का रिस्क बढ़ जाता है।

## नाक की एलर्जी होने पर दिखते हैं ये लक्षण

नाक की एलर्जी होने पर लोगों को छींक आना शुरू हो जाता है. नाक बंद हो जाती है. आंखों में जलन और लालिमा होती है. नाक से पानी बहना शुरू हो जाता है. सिरदर्द और सांस संबंधी परेशानियां होने लगती हैं।

नाक की एलर्जी होने पर एंटीबायोटिक लेना चाहिए या सही

कुछ लोग नाक की हल्की एलर्जी होने पर भी एंटीबायोटिक की दवा खा लेते हैं, लेकिन ये सही है या नहीं ? एक्सपर्ट के मुताबिक इस तरह एंटीबायोटिक दवा लेना सेहत के लिए अच्छी नहीं है. ज्यादा एंटीबायोटिक खाने से शरीर में एंटीबायोटिक रजिस्टेंस हो सकता है।



नाक की एलर्जी से बचने के लिए क्या करें ?

खुद से एलर्जी की दवा न लें.

नियमित रूप से नाक की सफाई करें.

बाहर जाते समय मास्क लगाएं

एलर्जी की जांच करें और डॉक्टर की सलाह लें

माइक्रोबायोम की जांच करें और डॉक्टर की सलाह लें

# बांग्लादेश में हसीना के बाद वर्तमान सेना प्रमुख के तख्तापलट की साजिश

## पाकिस्तान समर्थक लेफ्टिनेंट जनरल रहमान जुटे तैयारी में



ढाका (ए)। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बाद अब वर्तमान सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान के तख्तापलट की भी साजिश हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेशी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद फैजुर रहमान सेना की बागडोर संभालने की तैयारियों में हैं। इस साजिश में कई कट्टरपंथी अधिकार भी शामिल हैं। रहमान ने पिछले हफ्ते ढाका में पाकिस्तान की सीक्रेट एजेंसी आईएसआई प्रमुख और उसके प्रतिनिधिमंडल से बातचीत की थी। साथ ही वे बांग्लादेश की खुफिया एजेंसी डीजीएफआई से समर्थन जुटाने की कोशिश कर सकते हैं।वकार-उज-जमान को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और भारत का समर्थक माना जाता है। उन्होंने 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद हसीना को बांग्लादेश से निकलने में मदद की थी। जबकि इसके उलट रहमान अपनी कट्टरपंथी सोच और पाकिस्तान समर्थक रुख के लिए जाने जाते हैं। बांग्लादेश के आर्मी चीफ जनरल जमान पिछले 39 साल से बांग्लादेश की सेना में हैं। बांग्लादेश सैन्य अकादमी से ग्रेजुएशन करने के बाद उन्होंने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ बांग्लादेश से डिफेंस स्टडी में मास्टर्स की डिग्री हासिल की है। इसके अलावा उन्होंने लंदन के किंग्स कॉलेज से डिफेंस स्टडी में एमए की डिग्री ली है।

नवंबर 2020 में उन्हें लेफ्टिनेंट जनरल के रूप में प्रमोशन मिला था। वे इन्फेंट्री ब्रिगेड, स्कूल ऑफ इन्फेंट्री एंड टैक्टिक्स और आर्मी हेडक्वार्टर्स की कमान संभाल चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भी वकार ने काम किया है। सेना प्रमुख का पदभार संभालने से पहले वह करीब 6 महीने सेना के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ रहे। 23 जून 2024 को वे चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ यानी बांग्लादेश के सेना प्रमुख बने।

## पुतिन हर रुसी बच्चे को किताब में पढ़ाएंगे आखिर क्यों जरुरी थी यूक्रेन के साथ जंग

मास्को (ए)। रूस-यूक्रेन जंग के बीच पुतिन अब अपने स्कूली बच्चों को पाठ पढ़ाने में जुट गए हैं। यूक्रेन संग रूस युद्ध क्यों कर रहा है, इसका कारण अब रूस का हर बच्चा जानेगा। जी हां, रूस ने स्कूली बच्चों के लिए एक नई किताब जारी की है। इस किताब में यूक्रेन में



चल रहे युद्ध की तुलना नाजियों के खिलाफ सोवियत संघर्ष से की गई है। मॉस्को में पेश की गई किताब में कहा गया है कि रूस को यूक्रेन में सेना भेजने के लिए 'मजबूर' होना पड़ा था।

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन युद्ध को एक कठिन लेकिन जरूरी लड़ाई बता रहे हैं। उनका कहना है कि पश्चिमी देशों और नाटो समर्थित यूक्रेन के खिलाफ यह लड़ाई जरूरी है। पुतिन के मुताबिक, यह पश्चिम के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई का हिस्सा है जो रूस को कमजोर और खत्म करने चाहते है। जबकि यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगी कहते हैं कि रूस क्रूरता और अकारण युद्ध छेड़ रहा है। रुस को मकसद सिर्फ जमीन हथियाना है।

तीन खंडों वाली किताब 'रूस का सैन्य इतिहास' का संपादन व्लादिमीर मेडिंस्की ने किया है। मेडिंस्की पुतिन के सहयोगी हैं। उन्होंने 2022 में युद्ध के शुरुआती महीनों में यूक्रेन के साथ असफल शांति वार्ता करने वाले एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। तीसरा खंड 15 साल और उससे ज्यादा उम्र के बच्चों को पढ़ाया जाएगा। यूक्रेन के नेता इस किताब को प्रोपेगैंडा बताकर खारिज कर सकते हैं। तीसरा खंड 15 साल और उससे अधिक उम्र के बच्चों को पढ़ाने के लिए तैयार किया गया है।

## चीन यात्रा पर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात की



बीजिंग (ए)। दो दिवसीय चीन यात्रा पर पहुंचे भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। चीनी मीडिया के मुताबिक चीनी विदेश मंत्री ने दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ाने के लिए ठोस उपाय करने की बात कही।

चीनी विदेश मंत्री ने मुलाकात के दौरान कहा कि दोनों को आपसी संदेह, मनमुटाव और थकावट से बचना चाहिए। वहीं, भारतीय सचिव ने कहा कि दोनों देशों ने लगातार डायलॉग के द्वारा अपने विवादित मुद्दों को बेहतर तरीके से संभालना चाहिए। जल्द ही भारत और चीन के बीच डिप्लोमेटिक संबंधों की स्थापना को 75 साल पूरे होने वाले हैं। इस पर विक्रम मिस्त्री ने कहा कि हम इन संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ को संयुक्त रूप से मनाने के लिए चीन के साथ काम करने को तैयार है।

इससे पहले भारतीय विदेश सचिव ने बीजिंग में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के इंटरनेशनल डिपार्टमेंट हेड लियू जियानचाओ से मुलाकात की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने लद्दाख बॉर्डर एग्रीमेंट को लागू करने, आपसी डायलॉग मजबूत करने और कई लोकल और इंटरनेशनल मुद्दों पर बात की।

## कांगो के गोमा शहर पर विद्रोहियों का कब्जे का दावा, सरकार ने किया खंडन; हजारों लोग विस्थापित



किंशासा,(ए)। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के सबसे बड़े शहर गोमा पर विद्रोही संगठन एम23 ने सोमवार को कब्जा करने का दावा किया है। सेना और विद्रोहियों के बीच जारी संघर्ष ने शहर में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। इस दौरान हजारों लोगों ने अपने घर छोड़कर अन्यत्र जाने का फैसला किया। इससे विस्थापन की समस्या पैदा हो गई है। जबकि सरकार ने गोमा शहर में विद्रोहियों के कब्जे की बात का खंडन किया है, संघर्ष जारी है।

हिंसा के बीच हुई गोलीबारी से गोमा शहर में अफरातफरी का माहौल है। यहां बताते चलें कि गोमा शहर की आबादी लगभग 20 लाख है। शहर में विद्रोहियों के प्रवेश के बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। एक रिपोर्ट के अनुसार गोलीबारी और झड़पों के बीच कई लोग सड़कों पर विद्रोहियों का स्वागत करते नजर आए हैं, जबकि बड़ी संख्या में परिवार अपनी सुरक्षा के लिए बच्चों और सामान के साथ पड़ोसी देश रवांडा की ओर निकल गए हैं। ऐसे में कांगो की सरकार ने इस बात को स्वीकार किया कि विद्रोही गोमा में दाखिल हुए हैं, लेकिन शहर पर उनके कब्जे के दावे को खारिज कर दिया है। एम23 विद्रोही गुट कांगो में सक्रिय 100 से अधिक विद्रोही संगठनों में से एक है। यह संगठन 2012 में भी गोमा पर अस्थायी कब्जा कर चुका है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण उन्हें पीछे हटना पड़ा था। 2021 के अंत से यह गुट फिर से सक्रिय हो गया है।

## म्यूजियम में विस्फोट कर 2500 साल पुराना 'हेलमेट ऑफ कोटोफेनेस्ती' किया चोरी

एम्स्टर्डम,(ए)। नेटफ्लिक्स पर आई 'मनी हाइस्ट' और 'बर्लिन' जैसी सीरीज में चोरी की कहानियां अब सच साबित होती नजर आ रही हैं। यूरोप में मौजूद नीदरलैंड्स में चोरों ने एक म्यूजियम में चोरी की। इस चोरी में बम विस्फोट भी किया गया। चोर करीब 2500 साल पुराना सोने का मुकुट और तीन सोने के कंगन समेत चार प्राचीन कलाकृतियां चुरा ले गए। चोरों ने 'हेलमेट ऑफ कोटोफेनेस्ती' चुरा लिया। नीदरलैंड्स में हुई यह चोरी अंतर्राष्ट्रीय विवाद भी बढ़ा रही है। दरअसल चोरी हुआ सोने का हेलमेट नीदरलैंड्स का नहीं था।

इसे म्यूजियम ने रोमानिया के नेशनल हिस्ट्री म्यूजियम से उधार लिया था। इस हेलमेट के चोरी होने से रोमानिया की सरकार नाराज है। यह प्रदर्शनी प्राचीन रोमानिया में रहने वाले डेशियन समाज पर आधारित थी, जो रोमनों के कब्जा करने से पहले रहते थे। डच पुलिस के मुताबिक यह चोरी शनिवार की सुबह 3:45 बजे बजे हुई। पुलिस को तब एक विस्फोट की खबर मिली थी।



विदेश मंत्री एस. जयशंकर अबू धाबी में रायसीना मिडिल ईस्ट के उद्घाटन सत्र के दौरान बोलते हुए।

# खेल समाचार

## रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करेगा स्टार बल्लेबाज रयान डेविड रिकेल्टन

### -मुंबई इंडियंस को नहीं खलेगी ईशान किशन की कमी!

नईदिल्ली, ( आरएनएस)। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से मुंबई इंडियंस ने कई मैच विनर प्लेयर्स खरीदकर एक चैंपियन टीम तैयार कर ली है. लेकिन, फ्रेंचाइजी ने ईशान किशन को जाने दिया, ऐसे में सवाल उठता है कि अब मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग कौन करेगा? तो आइए आपको इस आर्टिकल में एक ऐसे धाकड़ खिलाड़ी के बारे में बताते हैं, जो मुंबई को ईशान की कमी नहीं खलने देगा।

रोहित शर्मा का आईपीएल 2025 में ओपनिंग करना तय है. मगर, सवाल तो ये है कि ईशान किशन के जाने के बाद अब मुंबई के लिए रोहित के साथ ओपनिंग के लिए कौन आएगा? संभव है की हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई की ओर से साउथ अफ्रीकी विकेटकीपर-बल्लेबाज रयान डेविड रिकेल्टन पारी की शुरुआत करने आ सकते हैं।

इस खिलाड़ी को मुंबई ने सिर्फ 1 करोड़ रुपये में खरीदा है, लेकिन वो आईपीएल 2025 में ईशान किशन को रिप्लेस करने के लिए बेस्ट साबित हो सकते हैं. वह अच्छी तरह प्लेइंग-11 में फिट हो जाएंगे. वह विकेटकीपर भी हैं और ईशान किशन के अच्छे रिप्लेसमेंट साबित हो सकते हैं.28 साल के साउथ अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने अब तक 13 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 134.87 की स्ट्राइक रेट से 263 रन बनाए हैं. वहीं, 106 टी20 मुकाबलों में वह 139.90 की स्ट्राइक रेट और 29.18 के औसत से 2889 रन बनाए हैं. इसमें एक शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं.आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस की ओर से रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन की ओपनिंग जोड़ी पारी की शुरुआत करती नजर आ सकती है. यदि ऐसा होता है, तो ये टीम के लिए अच्छा होगा, क्योंकि दोनों ही टी-20 फॉर्मेट के तूफानी बल्लेबाज हैं. हार्दिक पंड्या, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, रयान रिकेल्टन, दीपक चाहर, अल्लाह गजांफर, विल जैक्स, अश्विनी कुमार, मिशेल सेंटनर, रीस टॉपले, कृष्णन श्रीजीत , राज अंगद बावा, सत्यनारायण राजू, बेवॉन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर।

## न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया

दुबई, ( आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी का विजेता घोषित किया है।

कैलेंडर वर्ष के दौरान खेल के सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन करने वाली केर 2024 में व्हाइट फर्न्स को उनके पहले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए प्रेरित करने के बाद प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने वाली पहली न्यूजीलैंडर बन गई हैं। अकेले टी20 में, केर ने 15.55 की औसत से 387 रन बनाए और 29 विकेट लिए, फिर भी विश्व कप अभियान के दौरान उनकी प्रतिभा सबसे अधिक स्पष्ट थी - एक ही संस्करण में सबसे अधिक विकेट (15) का नया रिकॉर्ड बनाया और फाइनल में एक अविस्मरणीय व्यक्तिगत प्रदर्शन के साथ ट्रॉफी और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का सम्मान हासिल किया।सबसे बड़े मंच पर, फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ, केर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर काबू पाते हुए 38 गेंदों पर 43 रन बनाए और फिर खतरनाक लॉरा वोल्वार्ट और एनेके बॉश को आउट करके 24 रन देकर तीन विकेट चटकाए और जश्न के बीच 32 रनों की जीत दर्ज की।जबकि उनका साल सबसे छोटे प्रारूप में उनके ऐतिहासिक कारनामों के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाएगा, केर ने वनडे में भी प्रभावित किया, 33.00 की औसत से 264 रन बनाए और 14 विकेट लिए, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार विकेट शामिल हैं।


24 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की कप्तान वोल्वार्ट, श्रीलंका की चामरी अथापथु और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता।

# आईसीसी पर भड़के चैपल , मजबूत बोर्ड अपने अनुसार कार्यक्रम तैयार करा रहे

## दो-स्तरीय प्रणाली अब तक लागू हो जानी चाहिये थी

सिडनी (ए)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कामकाज के तरीके की कड़ी आलोचना की है। चैपल ने कहा कि आईसीसी क्रिकेट को बढ़ावा देने की जगह पर एक एक 'इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की तरह काम कर रही है। चैपल के अनुसार आईसीसी की इसी कमजोरी का लाभ उठारक आर्थिक रूप से मजबूत बोर्ड अपने अनुसार कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं पर इससे टेस्ट क्रिकेट को नुकसान हो रहा है। चैपल का यह भी मानना है कि टेस्ट क्रिकेट के लिए अब तक दो-स्तरीय प्रणाली लागू कर देंनी चाहिए थी पर ऐसा नहीं हुआ है। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि खेल के पारंपरिक प्रारूप को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए अन्य अहम कदम भी उठाए जाने चाहिए थे पर आईसीसी ने अब तक ऐसा कुछ नहीं किया है।

चैपल ने कहा कि द्विस्तरीय टेस्ट प्रणाली को लेकर वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाजी चैंपियन माइकल



होल्डिंग ने कहा था, अपनी सभी गलतियों के बावजूद फीफा कम से कम फुटबॉल का संचालन तो ठीक से करता है पर आईसीसी ऐसा नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि इससे खेल में मुशिलें आ रही हैं। आईसीसी क्रिकेट का सही से संचालन नहीं करती है और जब तक उसकी सोच में बदलाव नहीं आता है तब तक आर्थिक रूप से संपन्न देश अपने स्वार्थ के लिए उसके जरिये कार्यक्रम तैयार करते रहेंगे।चैपल ने हालांकि माना की भारत से क्रिकेट की आय में लगभग 70 प्रतिशत का योगदान होता है और आईसीसी में उसकी मजबूत उपस्थिति इस योगदान के कारण ही है। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को दो भागों में विभाजित करने की जरुरत है। जिससे भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमों को एक दूसरे के खिलाफ अधिक मैच खेलने के अवसर मिलेंगे।ऑस्ट्रेलिया के बेहतरीन कप्तानों में से एक चैपल का मानना है कि कुछ मानदंडों के साथ टीमों के लिए शीर्ष श्रेणी में आने और निचली श्रेणी में फिसलन की प्रणाली होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली काफी पहले ही लागू हो जानी चाहिए थी क्योंकि कुछ टीमें ही पांच दिवसीय प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं।

## हेड श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैचों में सलामी बल्लेबाज के तौर पर कोंस्टास की जगह लेंगे

गॉल, (ए)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने पुष्टि की है कि बुधवार से शुरू हो रहे श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में सैम कोंस्टास की जगह उस्मान ख्वाजा के जोड़ीदार के तौर पर ट्रेविस हेड खेलेंगे।

इस बीच, ऑस्ट्रेलिया ने उनके खेलने की पुष्टि नहीं की है और स्मिथ ने कहा कि गॉल की पिच की लगातार बदलती स्थिति के कारण लाइन-अप को अंतिम रूप देने में देरी होगी।

कोंस्टास ने अपने पहले दो टेस्ट मैचों में प्रभावित किया और ऑस्ट्रेलिया को एक दशक में भारत पर पहली बार सीरीज जीतने में मदद की। लेकिन 2023 में ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे के आखिरी दो टेस्ट मैचों में चोटिल सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर की जगह लेने के दौरान हेड के प्रयासों ने उन्हें सलामी बल्लेबाज के तौर पर जगह दिलाई।

स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के अंतिम प्री-टेस्ट प्रशिक्षण सत्र से पहले संवाददाताओं से कहा, ट्रैविस शीर्ष पर जाएगा, मुझे लगता है कि इसके अलावा यह काफी स्थिर रहेगा। मुझे नहीं लगता कि इसमें बहुत ज़्यादा बदलाव होगा। चयनकर्ताओं को भारत में जो कुछ देखने को मिला, वह उन्हें पसंद आया, जब उसे (हेड को) मौका मिला।

## बांग्लादेश ने विंडीज पर 10 विकेट की जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया

### -अंडर-19 विश्व कप

कुआलालंपुर, ( आरएनएस)। बांग्लादेश ने मंगलवार को ब्यूमास ओवल में वेस्टइंडीज पर 10 विकेट से आसान जीत के साथ आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप 2025 से अपना सफर समाप्त कर लिया है।बारिश के कारण मैच की शुरुआत में देरी हुई और मुकाबला 13-13 ओवर का हो गया, तथा मजबूत गेंदबाजी प्रदर्शन के कारण बांग्लादेश को जीत के लिए केवल 55 रन बनाने पड़े। निशिता अख्तर निशी और अनीसा अख्तर सोबा दोनों ने गेंदबाजी से प्रभावित किया, उन्होंने लगातार पांच विकेट लेकर वेस्टइंडीज की गति को बाधित किया।और सलामी बल्लेबाज फहोमिडा चोया और जुएरिया फिरदौस ने रन चेज में कोई गलती नहीं की, उन्होंने नौ ओवर से कम समय में आवश्यक स्कोर हासिल कर टूर्नामेंट में अपनी टीम की तीसरी जीत सुनिश्चित की।हालांकि, यह सुपर सिक्स ग्रुप 1 से भारत और ऑस्ट्रेलिया से आगे सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं था।बांग्लादेश की कंजूसी भरी गेंदबाजी ने सुनिश्चित किया कि वेस्टइंडीज अपनी पारी की धीमी शुरुआत तक सीमित रहे, उनके चार ओवर के पावरप्ले में केवल 12 रन आए।निशिता अख्तर निशी ने भी शुरुआती सफलता हासिल की, कप्तान समारा रामनाथ को शॉट खेलने के लिए लुभाया, जो लॉन्ग-ऑन पर हबीबा पिंकी के हाथों में गया और ओपनर को शून्य पर आउट कर दिया।

निशिता ने अपने अगले ओवर में फिर से असबी कॉलेंडर का विकेट लिया, जिन्होंने भी डीप में एक फील्डर को कैच दिया और 12 रन पर आउट हो गई। इसके बाद स्पिनर ने जहज़ारा क्लैक्सटन को पहली गेंद पर बोल्ड किया और वेस्टइंडीज तीन विकेट पर 16 रन की नाजुक स्थिति में आ गई।

नैजनी कंबरबैच और ब्रायना हैरीचरन ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन उनकी नई साझेदारी अनीसा अख्तर सोबा की पारी की पहली गेंद पर समाप्त हो गई

# आजकल घरेलू क्रिकेट से लय हासिल कर रहे शुभमन



बेंगलुरु (ए)। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल पिछले कुछ समय से अपनी नाम के अनुरुप बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे हैं। इसी को लेकर शुभमन का कहना है कि वह कई बार बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर जरुरत से ज्यादा दबाव ले लेते हैं। शुभमन आजकर रणजी ट्रॉफी में अपनी बल्लेबाजी को निखारने में लगे हैं। शुभमन ने कर्नाटक के खिलाफ शानदार शतक लगाकर अपनी टीम को बेहतर स्थिति में भी पहुंचाया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनका प्रदर्शन खराब रहा था। वह 5 पारियों में 18.60 के खराब औसत से 93 रन ही बना पाए थे। अपनी फार्म को लेकर शुभमन ने कहा कि मुझे लगता है कि जिस तरह से मैंने खेला, रणजी की पारी मेरे लिए बहुत संतोषजनक थी। मुझे लगता है कि हम किसी भी स्तर पर कोई भी पारी खेलें, रन बनाने, फॉर्म में वापस आने और वैसा महसूस करने में सक्षम होना बहुत महत्वपूर्ण है। जब आप उस क्षेत्र में रहते हुए अच्छा खेल रहे हों, तो उसमें बने रहना महत्वपूर्ण है वह क्षेत्र जितना संभव हो सके उतना लंबा था और जब मैं वहां बल्लेबाजी कर रहा था तो मैं यही करने की कोशिश कर रहा था।

हालांकि वह अभी भी टेस्ट क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, उनका कहना है कि बड़ा स्कोर बनाने का दबाव बहुत अधिक हो जाता है और इससे उनका ध्यान और एकाग्रता खो जाती है। उन्होंने अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की क्षमता पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कभी-कभी, मुझे लगता है कि लाल गेंद से मैं जो मैच खेलता हूं उनमें मुझे बहुत अच्छे 25-30 रन मिलते हैं। उन्हें बड़े स्कोर में बदलने के लिए कई बार मैं अपने ऊपर बहुत अधिक दबाव ले लेता हूं। मैं इस तरह से अपना खेल खेलते हुए बड़ा नहीं हुआ हूं।

शुभमन का 32 टेस्ट और 59 पारियों के बाद टेस्ट औसत सिर्फ 35.05 है। उन्होंने अपने करियर में 5 शतक, 7 अर्धशतक और 128 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 1,893 रन बनाए हैं। वहीं अपनी 59 में से 34 टेस्ट पारियों में वह 20 से ज्यादा रन नहीं बना पाए।

# जिला मुख्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव की जमकर होती रही चर्चाएं

## नर्मदा जयंती पर सीएम को तबादलों के लिए दिए जाएंगे ज्ञापन

नर्मदापुरम( निप्र) जिले की प्रशासनिक व्यवस्थाओं में बदलाव को लेकर शहर में पिछले दो दिन से बहुत चर्चाएं हो रही है। जिले में जो तथाकथित अधिकारी वर्षों से अंगद के पैर की तरह जमे हुए हैं।

उनके तवादले होने की संभावनाओं को लेकर अटकलें होती रही। इसके साथ ही अनेक संगठनों के द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि यदि जल्द तबादले नहीं हुए तो नर्मदा जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री के आगमन पर उन्हें तबादलों के लिए ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

### स्वास्थ्य, खनिज तथा आबकारी अधिकारी के तबादले की चर्चाएं

जिला मुख्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के मुखिया डॉ दिनेश देहलवार, खनिज अधिकारी देवेश मरकाम, तथा आबकारी अधिकारी सागर के तबादले को लेकर शहर में चर्चाओं का जोर है।

### स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाएं चरमरा चुकी है

जिले में स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाएं चरमरा चुकी हैं। सीएमएचओ से संभाले नहीं संभल रही है। एक गर्भवती महिला के साथ जिला अस्पताल में बदसलुकी हुई है। उसके परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया जिससे दुखी होकर परिजनों को जनसुनवाई में आवेदन देना पड़ा है। यह तो एक मात्र उदाहरण है जिले में अनेक तरह की परेशानी जिले वासियों को भुगतना पड़ रहा है। इसके बाद भी ऐसे लापरवाह सीएमएचओ का तबादला नहीं होने से नागरिकों में आक्रोश बढ रहा है। हो सकता है आने वाले समय में जनांदोलन हो जाए। इसी प्रकार शहर में शराब खोरी तथा खनिज माफिया की मनमानी बढती जा रही है। इस कारण ऐसे अधिकारियों को अब बाहर का रास्ता दिखाया जाने की पुरजोर मांग हो रही है।

# समेरिटंस समूह के स्कूलों में शान से फहराया तिरंगा



नर्मदापुरम (निप्र)। समेरिटंस समूह के सभी विद्यालयों में 76वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास सहित परम्परागत रूप से मनाया गया। इस दौरान सभी विद्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समूह की मुख्य शाखा सीनियर सेकेंडरी स्कूल मालाखेड़ी में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित तरुण तिवारी, गोपाल प्रसाद खड्डर, संस्था के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रशांत हरने, डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा और प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत ने झंडा वंदन किया। राष्ट्रगान के उपरांत बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके अलावा संस्था के माता महाकाली परिसर जुमेराती, आञ्जनेय परिसर माखन नगर, शीतला माता परिसर सोहागपुरए ज्ञान विज्ञान परिसर पिपरिया, सरस्वती परिसर इटारसी, श्रीराम परिसर सिवनी मालवा और विजयासन परिसर बायां में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के बाद बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बालिका जन्मोत्सव का किया गया आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र)। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के आदेशानुसार महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में मंगलवार 28 जनवरी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बालिका जन्मोत्सव का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक30/2 पर किया गया। महिला एवं बालविकास विभाग बालिकाओं के स्वास्थ्य शिक्षा एवं पोषण के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित कर रहा है जिनका मूल उद्देश्य बेटियों के लिए एक सकारात्मक एवं सुरक्षित माहौल समुदाय में प्रदान करना है जिसके तहत बालिका जन्म उत्सव कार्यक्रम में श्रीमती आशा भदोरिया पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास बोर्ड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं श्रीमती सुशीला यादव यशोदा एवं विनीत यादव, शारदा दीपांकर आदि उपस्थित रहे।

# महाकुंभ पर खड़गे के बयान का भाजयुमो ने किया विरोध

## सातरास्ते पर जलाया कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला

नर्मदापुरम (निप्र)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा महाकुंभ पर दिए गए विवादित बयान को लेकर मंगलवार को भाजयुमो ने सातरास्ते पर आक्रोश जताया और पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने खड़गे के बयान को शर्मनाक बताया इस दौरान सभी ने जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि उच्च सदन के नेता और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान बहुत ही निंदनीय है उन्हें इस कृत्य के लिए देश के करोड़ों सनातनियों से माफी मांगना चाहिए । भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा ने कहा कि कांग्रेस की सोच शुरू से ही सनातन विरोधी रही है। करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र महाकुंभ पर इस तरह की टिप्पणी करना खड़गे की मंदबुद्धि का प्रमाण है। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल ने कहा कि जब देश के कोने.कोने से लोग मां गंगा त्रिवेणी संगम पर पहुंच रहे है ऐसे में यह देश की एकताए अखंडता और धर्म की पताका को ऊंचा करने का अवसर है। खड़गे का यह बयान शर्मनाक और सनातन विरोधी है। इस अवसर पर युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रांशु राणे युवा मोर्चा जिला प्रभारी लोकेश तिवारी मंडल अध्यक्षद्वय रूपेश राजपूत सागर शिवहरे हंस राय मनोहर बड़ानी, सुनील राठौर, विकास नारोलिया, महेंद्र यादव, रोहित गौर, प्रशांत दीक्षित, चरणजीत सिंह, अमित महाला, मनीष शर्मा, मनीष परदेशी सेठी चौकसे, गजेंद्र चौहान राहुल ठाकुर विशाल दीवान स्वदेश सैनी वीरू पटवा, दुर्गेश मिश्रा, ऋषभ शुक्ला, प्रवेश सोनी, केतन बरगले, अमन चुटिले, सुमित मीणा, सागर सन्तोरे, कृतिक शिवहरे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मोनी अमावस्या स्नान पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु मजिस्ट्रेट/अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

नर्मदापुरम (निप्र) । अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम डी.के. सिंह ने 29 जनवरी को मोनी अमावस्या स्नान पर्व के अवसर पर अपने-अपने अनुविभाग स्तर अंतर्गत आने वाले घाटो पर त्यौहार / स्नान पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु मजिस्ट्रेट/अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है जारी आदेशानुसार अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम श्री सिंह ने श्रीमती नीता कोरी अनुविभागीय दण्डाधिकारी नर्मदापुरम एवं बृजेन्द्र रावत सिटी मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम को संपूर्ण नर्मदापुरम अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा है।

# मालवी हॉस्पिटल के स्पंदन सभागृह में आयोजित हुई गणतंत्र के महत्व पर संगोष्ठी

## समाजसेवी डॉ श्रवण मालवी व डॉ श्रुति मालवीय की पहल सराहनीय रही




नर्मदापुरम( निप्र) । लायंस क्लब होशंगाबाद आयुष नर्मदापुरम सहयोग शिक्षण एवं शोध समिति नर्मदापुरम द्वारा गणतंत्र का महत्व. वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विषय पर संगोष्ठी मालवी हॉस्पिटल के स्पंदन सभागृह में आयोजित की गई। जिसमें लायंस. लियो परिवार के अलावा नगर के प्रबुद्ध जन व शिक्षा विद भी शामिल हुए। इस संगोष्ठी का मुख्य आकर्षण यह रहा कि इसमें सभी उपस्थित जनों को अपने विचार रखने का मौका मिला। कार्यक्रम के शुरुआत में लायन डॉ श्रवण मालवी द्वारा कुछ बिन्दु दिए गए जिसपर शहर के गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस तरह की पहल की वरिष्ठजनों ने सराहना की। कार्यक्रम संयोजक एमजेएफ लायन डॉ श्रुति मॉलवी एवं लायन विनय यादव रहे। उपस्थित गणमान्य नागरिकों में प्रोफेसर डॉ एलएल शर्मा, साहित्यकार शास्त्री नित्य गोपाल कटारे रामायणी प्रभुदयाल यादव जन नेता राजेश तिवारी समाजसेवी एवं संचालक चेंप्स फन स्कूल के आशीष चटर्जी एमजे ला डॉ शेलेन्द्र नेमा, लॉ आदिल फ़ाज़ली, एमजे एफ लॉ शाहीद खान लॉ क्रीति नेमा ला डॉ मनीषा तिवारी ला आरआर सोनी ला भविष्य मूलचंदानी डॉ मयंक तोमर एके रिछारिया, डॉ संतोष व्यास, डॉ एलएल दुबे प्रेरणा कॉनवेंट स्कूल के संचालक लॉ ललित सोनी, जयबाला निगम, कृष्ण गोपाल शर्मा लियो चैलसी बामने, लियो विनोद गोलिये आदि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। डॉ श्रवण मालवीय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सीमांकन, अवैध कब्जा, नाली निर्माण योजनाओं का लाभ जैसी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला कार्यालय पहुंचे लोग

### जनसुनवाई में 78 आवेदकों की समस्याओं की हुई सुनवाई, अधिकरियों को मिले समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश



नर्मदापुरम( निप्र) । मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत सौजान सिंह रावत ने 78 विभिन्न आवेदनों पर सुनवाई की। इस दौरान ग्राम जोगीबड़ा तहसील बनखेड़ी निवासी प्रार्थी किरण बाई आत्मज दहल सिंह नर्मदापुरम ने बताया कि, उनकी निजी भूमि पर ग्राम के ही लाल साहब द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया है। पूर्व में भी उनके द्वारा आवेदन दिये गये किंतु उचित करवाई नहीं हुई। सीमांकन के होने के पश्चात यह सिद्ध हो चुका है कि भूमि पर अवैध रूप से कब्जा है तथा आवेदनकर्ता उक्त संबंध में धमकाया भी जा रहा है। अत: अवैध कब्जा हटवाकर भूमि दिलवाई जाए।जनसुनवाई के दौरान भीलपुरा नर्मदापुरम निवासी आवेदिका सुमन कहा 'जिन्हें पीएम विश्वकर्मा योजना में पंजीकृत किया गया, परंतु आज दिनांक योजना का लाभ प्राप्त नहीं किया है। आवेदनकर्ता ने शीघ्र से शीघ्र लाभ दिलवाये जाने के लिए आवेदन दिया है।एक अन्य मामले में प्रार्थी नारायण दास आत्मज जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम नसीराबाद माखन नगर की कृषि भूमि नसीराबाद में है जिसका सीमांकन करने के लिए उन्होनें लोक सेवा केंद्र में 12 जनवरी को आवेदन किया था किंतु कोई निराकरण नहीं हो पाया है सीईओ जिला पंचायत ने प्रार्थी की समस्या का निराकरण किये जाने के लिए निर्देशित किया है। इसी प्रकार बिसन आत्मज हरि निवासी ग्राम सिलवानी द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके द्वारा उनके पूर्वजों की संबंधित भूमि पर अधिकार है वह कई वर्षों से परंपरागत रूप से कृषि कर रहे हैं जिसके आधार पर वन अधिकार पत्र प्राप्त करना चाह रहे हैं मध्य प्रदेश शासन के अनुसार कृषि पट्टा प्रदान करने की कार्रवाई करेंगेजनसुनवाई में सामूहिक रूप से विस्थापित ग्राम नया राइट डेम टोला भाग 02 निवासियो ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि ग्राम में निवास करते हुए उन्हें 4 वर्षो से अधिक समय हो चुका है किंतु इतने वर्षों उपरांत भी बिजली एवं पानी जैसी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

# वीणा पाणी संगीत एवं सामाजिक संस्था के संयोजन में हुआ संगीत व सम्मान समारोह

## गीत, संगीत की स्वर लहरियों से गुंजायमान हुआ मां नर्मदा व तवा का संगम स्थल बांद्राभान




नर्मदापुरम( निप्र)। नगर की संगीत सेवी संस्था वीणा पाणी संगीत एवं सामाजिक संस्था नर्मदापुरम द्वारा नर्मदा एंव तवा के पावन तट बांद्रावान स्थित कौशल्या कुटी फॉर्म हाउस में शास्त्रीय संगीत सभा एवं वरिष्ठ गुरुजनों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित भवानी शंकर शर्मा, विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा, वरिष्ठ संगीत गुरु एवं प्रसिद्ध तबला वादक पंडित किरण देशपांडे, संगीत गुरु महेश तिवारी समाजसेवी राकेश फौजदार, अशोक जमनानी, आशीष चटर्जी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलं कर पूजन किया। वीणा पाणि संगीत एवं सामाजिक संस्था अध्यक्ष आनंद कुमार नामदेव द्वारा स्वागत भाषण एवं संस्था की सालभर होने वाली गतिविधियों को बताया। इस अवसर पर पंडित राम परसाई के निर्देशन में सरस्वती वंदना एवं गुरु वंदना कु ऋतु कुलश्रेष्ठ एवं सौम्या कौशिक द्वारा किया गया। तबले पर संगत सक्षम पाठक, गिटार पर यश मालवीय एवं पेड पर निकुंज सैनी द्वारा दी गई। अकाशवाणी बी ग्रेट कलाकारा सिद्धा साई द्वारा राग नट भैरव में बिलंबित ख्याल बंदिश मध्य एवं द्रुत लय में शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी। इनके साथ हारमोनियम पर श्रीमती अमिता साई एवं तबले पर संगत उत्कर्ष तिवारी एवं तानपुरे पर संगत उदित नारायण तिवारी द्वारा दी गई। भोपाल से पधारें वरिष्ठ तबला वादक पंडित किरण देशपांडे द्वारा तीनताल में तबले पर स्वतंत्र वादन में विभिन्न प्रकार की बारीकियों को समझते हुए उठान, पेशकार कायदे एवं अलग अलग गतों को अपने तबला वादन में प्रस्तुत किया। पंडित देशपांडेय के कृपा पात्र शिष्य मनोज पाटीदार ने अपने गुरु के साथ तबला वादन प्रस्तुत किया। नगर के कलाकार उदित नारायण तिवारी द्वारा हारमोनियम पे लहरा बजाया। नर्मदापुरम के प्रसिद्ध तबला वादक पंडित राम सेवक शर्मा के निर्देशन में उनके शिष्य मास्टर घनश्याम चौधरी एवं मयंक गोस्वामी द्वारा तबला पर स्वतंत्र वादन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को गति देते हुए नगर के नवोदित सारंगी वादक अथर्व दुबे ने अपने सारंगी वादन से उपस्थित संगीत प्रेमियों का मनमोह लिया। इनके साथ तबले पर संगत विपुल दुबे द्वारा की गई। वीणा पाणि वृंद द्वारा स्तुति गायन में श्री आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा रचित स्त्रोत्र भज गोविंदम, तुलसीदास द्वारा रचित विनय पत्रिका से लिए भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। आदित्य नारायण परसाई द्वारा संगीत दिये गए। इन भजनों की मपमोहक प्रस्तुति देने वालो में ऋत्विक राजपूत, गोपाल अग्रवाल, आकाश जैन, गिटार पर यश मालवीय, तबला पे सक्षम पाठक, विपुल दुबे, हारमोनियम पर आदित्य परसाई एवं निकुंज सैनी द्वारा पेड पे संग की गई। इन कलाकारों की प्रस्तुति को उपस्थित श्रोताओं ने करतल ध्वनि के द्वारा सराहा। संस्था अध्यक्ष आनंद नामदेव द्वारा बताया कि इस कार्यक्रम में संगीत गुरु व प्रसिद्ध तबला वादक श्री देशपांडे भोपाल, नगर के गौरव वरिष्ठ संगीत गुरु महेश तिवारी एवं कैप्टन किशोर करैया का साल श्रीफल सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ वैभव शर्मा संस्था मार्गदर्शक, राम परसाई, राजेश कुलश्रेष्ठ, शास्त्री नित्यगोपाल कटारे, गिरि मोहन गुरू, नमन तिवारी प्रशांत दुबे निर्मल शर्मा, कौशलेश तिवारी, पंडित सुनील चौरे, संतोष व्यास, खेमचंद यदवेश, बलराम शर्मा, आकाश जैन, म्यूजिक जोन के समस्त सदस्य असीम शहीद कुरैशी, प्रतीक, अभिलाष दुबे, प्रकाश आहूजा, अनुपम दुबे, राजपाल चड्डा, श्रावणी तिवारी, संजय श्रोती, रत्नेश साहू, संस्था सचिव अमित नामदेव, आदि संगीत साहित्य से जुड़े गणमान्य नागरिक व श्रोताओं की उपस्थिति रही। संचालन अमित पाराशर आभार प्रदर्शन राम सेवक शर्मा द्वारा किया गया।

# कमिश्नर ने समयमान वेतनमान का लाभ ना दिलाने पर दो प्राचार्य एवं एक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की दो-दो इन्क्रीमेंट रोकने के निर्देश



नर्मदापुरम( निप्र) । नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने निर्देशों के बाद भी शिक्षकों को समयमान वेतनमान का लाभ ना दिलाने पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्रीमती भावना दुबे को निर्देश दिए कि वे शोभापुर गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य अवधेश कुमार बुधोलिया, एक अन्य प्राचार्य नीलेश सोनी तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सोहागपुर आर बी चौधरी की दो-दो इन्क्रीमेंट रोकने एवं उक्त सभी लोगो को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में सभी अधिकारियों को हिदायत दी की वे अनावश्यक रूप से अपने कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका में गलत कमेंट ना करें एवं समयमान वेतनमान का लाभ दिलाने के लिए शेष रह गए कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं अनुमोदन के लिए संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा को प्रेषित करना सुनिश्चित करें एवं अनुमोदन पश्चात उन्हें ऐरियर्स एवं बढे हुए वेतन का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यालय के बजट का समूचित उपयोग कर लें एवं यदि बजट का उपयोग नहीं हो रहा है तो उसे सरेंडर करने की कार्यवाही करें। कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे वन ग्रामों में भी जाकर जननी सुरक्षा का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।


## क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम

:: जाहिर सूचना ::

सूचित किया जाता है कि हरिशंकर पटेल पिता श्री अजब सिंह पटेल निवासी बनखेडी तहसील बनखेडी जिला नर्मदापुरम म0प्र0 ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम में आवेदन करते लेख किया है कि उनका पुत्र स्व0श्री प्रवीण पटेल का निधन .27-4-2023 को हो गया है। उनके पुत्र स्व0श्री प्रवीण पटेल के नाम पर एक चार पहिया वाहन ट्रेक्टर पंजीकृत है जिसका पंजीयन कमांक.जिसका पंजीयन नंबर. एमपी 05 एजे2568 है और उक्त वाहन.अभी तक आर0 टी0 ओ0 कार्यालय नर्मदापुरम म0प्र0 में मेरे पुत्र स्व0श्री प्रवीण पटेल के नाम पर ही आर0टी0ओ0 कार्यालय नर्मदापुरम म0प्र0 में पंजीकृत चला आ रहा है। पुत्र स्व0श्री प्रवीण पटेल की मृत्यु के पश्चात पुत्र के नाम पर दर्ज वाहन को मैं हरिशंकर पटेल अपने नाम पर आर0टी0ओ0 कार्यालय नर्मदापुरम में पंजीकृत करबाना चाहता हूँ। परन्तु मेरे आधार कार्ड में मेरा पूरा नाम हरिशंकर किरार लिखा हुआ है जबकि पुत्र के आधार कार्ड में एवं पुत्र के नाम के वाहन के रजिस्ट्रेशन कार्ड में पिता के नाम के स्थान पर हरिशंकर पटेल दर्ज है तथा मेरा सही नाम हरिशंकर पटेल ही है जिसे मैं पुत्र के नाम के वाहन को अपने नाम पर आर0टी0ओ0 कार्यालय नर्मदापुरम में पंजीकृत कराये जाते समय रजिस्ट्रेशन कार्ड में अपना नाम हरिशंकर पटेल दर्ज कराना चाहता हूँ। मेरे पुत्र की शादी नहीं हुई थी इसलिए उसके कोई बारिश भी नहीं है। परिवार के किसी भी व्यक्ति मेरे नाम पर पंजीयन में को कोई आपत्ति नहीं है। सबकी पूर्ण सहमति है। अत- उक्त वाहन हरिशंकर पटेल अपने नाम दर्ज कराना चाहते हैं। भविष्य में कोई भी आपत्ति या दावा आता है तो उसकी संपूर्ण जबावदारी व जिम्मेदारी हरिशंकर पटेल की होगी। जिस किसी को दावा आपत्ति करना हो उसके लिए 8 दिन की समयावधि में की जा सकती है।



## पश्चिम मध्य रेल

संकेत एवं दूरसंचार विभाग

खुली निविदा

**मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक:** जबल-एन-सिग.-टेण्डर-2025-6. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः पश्चिम मध्य रेल में जबलपुर मंडल के ईटारसी-जबलपुर सेक्शन में आर.ओ.बी./एल.एच.एस. निर्माण में संकेत एवं दूरसंचार संबंधित कार्य (सिग्नलिंग कार्य)। निविदा का अनुमानित मूल्यः ₹ 1,54,45,841.34. निविदा फार्म की कीमतः** 00. **कार्यालय का पताः** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर। **बयाना राशिः ₹ 2,27,200/-. समापन अवधिः** 11 माह। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 28.02.2025 को 15.00 बजे बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **"https://ireps.gov.in"** पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाईन आवेदन की जा सकती है।

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com